सुविचार

समय का उत्तम उपयोग करना सीखें क्योंकि विश्व के ज्यादातर सफल मनुष्यों ने इसी का प्रयोग किया है।

RNI : RAJHIN13216/2005

दैनिक

# गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ।।

निष्पक्ष कलम निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"

हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com

हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्ष: 18 अंक: 25 पेज: 8 मूल्य 01 रु. जयपुर, बुधवार 23 अगस्त, 2023 Email: garibonkasitara@gmail.com

# आज चांद पर भारत की सबसे बड़ी चढ़ाई

## चंद्रयान 3 को दक्षिणी ध्रुव पर करनी है लैंडिंग, लूना 25 से मिली सीख इतिहास रचने के बेहद करीब लाई


**भारत का चंद्रयान 3 आज इतिहास रचने के काफी करीब है। जिस मंजिल पर कई देश जाने से कतरा रहे थे, वहां भारत पहुंचने जा रहा है।**

सितारा न्यूज नेटवर्क

**नई दिल्ली।** भारत का चंद्रयान 3 आज इतिहास रचने के बेहद करीब है। जिस पल का इंतजार कई दिनों से था, अब आखिरकार उसका वक्त आ गया है। चंद्रयान 3 पहली बार चांद के दक्षिणी ध्रुव पर लैंड करने वाला है। ये चांद का वो हिस्सा है जिसे दुनिया के कई देश एक्सप्लोर करना चाहते हैं। रूस का लूना 25 तो ये करते-करते फेल भी हो चुका है। ऐसे में अब भारत के पास एक अलग ही क्रांति लिखने का सुनहरा मौका है।

### भारत आज रचेगा इतिहास, आराम-आराम से!

इसरो ने कुछ घंटे पहले ही एक और ट्वीट कर बताया है कि सबकुछ बिल्कुल ठीक है और विक्रम लैंडिंग करने को पूरी तरह तैयार है। बताया जा रहा है कि भारत का चंद्रयान 3 आज शाम को 6 बजकर 4 मिनट पर चांद के दक्षिणी ध्रुव पर लैंडिंग करने जा रहा है। अब यहां ये समझना जरूरी है कि चंद्रयान कोई एक झटके में पलक झपकते ही कोई लैंडिंग नहीं करने वाला है। वो तो कच्छुए की चाल से धीरे धीरे आगे बढ़ेगा, जितना करीब आता जाएगा, रफ्तार भी उतनी ही कम होती जाएगी।



### लूना 25 से इसरो ने क्या सीखा?

अब यहीं इसरो ने रूस के लूना 25 से सबक लिया है। रूस को इस बात पर बड़ा मान था कि उसका लूना 25 भारत के इसरो से पहले चांद पर पहुंच गया। लेकिन उसका ये गुमान ही उसे ले डूबा और ओवर स्पीडिंग की वजह से उसका लूना गलत ऑर्बिट में दाखिल हुआ और फिर चांद पर जा क्रैश कर गया। चंद्रयान 2 भी समय रहते अपनी रफ्तार को कम नहीं कर पाया था और उसकी चांद की सतह पर हार्ड लैंडिंग हुई थी। लेकिन अब चंद्रयान 3 ने पुरानी सभी गलतियों से सीखा है। इसी वजह से एक बार भी भारत का मून मिशन हड़बड़ी में नहीं दिखा और हर पड़ाव को पार करता चला गया।

### लैंडिंग के टाइम रफ्तार कितनी कम?

अब इसी कड़ी में अब किस तरह से विक्रम की रफ्तार कम होती चली जाएगी, ये समझ लेना जरूरी है। असल में आज चंद्रयान 3 अपनी मंजिल 25 किलोमीटर ऊपर से शुरू करेगा। इसके बाद उसे सीधे 7.4 किलोमीटर की की ऊंचाई आना है। इसक बाद वो 6.8 किलोमीटर की दूरी पर आएगा और फिर सबसे आखिर में चांद पर लैंडिंग के दौरान स्पीड 1.68 मीटर प्रति सेकेंड रहेगी. कुछ इसी अंदाज में आज इतिहास रचने की तैयारी है।

### दक्षिणी ध्रुव ही क्यों, ऐसा क्या है वहां?

वैसे जिस दक्षिणी ध्रुव पर भारत जाने की बात कर रहा है, उस इलाके से सही मायनों में काफी कुछ निकलवाया जा सकता है। साउथ पोल चांद का वो इलाका है जहां प सूर्य की एक भी किरण नहीं पड़ती है। इसी वजह से ये मिशन इतना चुनौतीपूर्ण है। वैसे चांद के दक्षिणी ध्रुव पर कई ऐसे रहस्य छिपे हुए हैं, जिनके बारे में अभी तक सिर्फ कयास लगाए जा रहे थे। असल में चांद के दक्षिणी ध्रुव पर लूनर वॉटर आईस है, अगर सही तरह से उसका अध्ययन कर लिया जाए तो आने वाले सालों के लिए काफी कुछ पता चल सकता है।

## राजस्थान के खेल विभाग में सीएम ने निकली वैकेंसी

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** राजस्थान में विधानसभा चुनाव नजदीक आने के साथ ही घोषणाओं का सिलसिला भी तेज हो गया है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान के खेल विभाग में 50 नए पद सृजित किए हैं। जिसके तहत संभाग स्तर पर खेल प्रबंधन और जिला स्तर पर सहायक खेल प्रबंधकों के पदों पर भर्तियां की जाएगी। मुख्यमंत्री गहलोत ने बताया कि राजस्थान में संभाग स्तर पर खेल प्रबंधक (एल-14) के 10 पद सृजित होंगे। इनमें 5 पद सीधी भर्ती से जबकि 5 पद पदोन्नति (प्रमोशन) के माध्यम से भरे जाएंगे। इसी तरह जिला स्तर पर सहायक खेल प्रबंधक (एल-12) के 40 पद सृजित होंगे। जो 100 प्रतिशत सीधी भर्ती से भरे जाएंगे। इन पदों पर भर्ती के लिए जल्द ही योग्यता और अनुभव का भी निर्धारण किया जाएगा। जिसके बाद आवेदन की प्रक्रिया शुरू होगी।

**बजट में सीएम गहलोत ने की थी घोषणा:** CM गहलोत ने बताया कि खेल विभाग में होने वाली इस भर्ती से विभाग की योजनाओं का क्रियान्वयन, बजट घोषणाओं का क्रियान्वयन, अनुदान वितरण, खेल अकादमियों का संचालन, राजीव गांधी ग्रामीण और शहरी ओलम्पिक खेलों का आयोजन और खेल संघों से सम्बन्धित काम बेहतर तरीके से हो पाएगा।

जिससे प्रदेश के खिलाड़ियों को और ज्यादा बेहतर सुविधाए मिल सकेगी। बता दें कि उट गहलोत ने साल 2023-24 के बजट में खेल विभाग में खेल प्रबंधक और सहायक खेल प्रबंधक के पदों पर भर्ती की घोषणा की थी।

*हर विभाग के लिए अलग विजन डॉक्यूमेंट बनेगा*

## एक करोड़ लोगों से सुझाव लेगी गहलोत सरकार:CM ने लॉन्च किया मिशन-2030

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** सीएम अशोक गहलोत ने 2030 तक के लिए राजस्थान को विकसित राज्यों में टॉप पर जगह बनाने का नारा दिया है। सीएम अशोक गहलोत ने आज मिशन-2030 की लॉन्चिंग की है। राज्य सरकार इस मिशन पर एक करोड़ लोगों से सुझाव लेगी। इन सुझावों के आधार पर ह्यविजन-2030 डॉक्यूमेंटह्य तैयार कर उसे सार्वजनिक किया जाएगा। मिशन- 2030 में हर क्षेत्र के लिए सैक्टरवाइज टारगेट तय किए जाएंगे। पहले विजन डॉक्यूमेंट तैयार होगा। इसमें सभी एक्सपर्ट, स्टेकहोल्डर्स, युवाओं और समाज के सभी वर्गों से सुझाव लिए जाएंगे।

**हर विभाग का विजन डॉक्यूमेंट बनेगा, टारगेट तय होंग:** पहले मिशन-2030 के लिए अलग अलग सरकारी विभागों के विजन डॉक्यूमेंट तैयार करके उनके टारगेट तय किए जांगे। पहले सभी विभाग विभागीय मिशन-2030 तैयार करेंगे, इसके बाद राजस्थान का मिशन 2030 दस्तावेज जारी किया जाएगा। सभी सैक्टरों की कार्ययोजना बनाकर काम शुरू किया जाएगा।

**2030 तक 10 गुणा ग्रोथ का टारगेट:** सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि मैं 50 साल से राजनीति कर रहा हूं। मैंने जब राजनीति की शुरूआत की तब कई जिला मुख्यालय ऐसे थे



जहां आंधी चलती थी, लगता ही नहीं था कि जिला मुख्यालय हैं। यहां अकाल सूखे के अलावा कोई बात ही नहीं होती थी। आज पूरी दुनिया ग्लोबल वार्मिंग की बात कर रही है, इंदिरा गांधी पहली पीएम थी जो पर्यावरण के मुद्दोंपर चिंता करती थी। आज राजस्थान कई क्षेत्रों में नंबर वन बन गया है। अब हमें 2030 तक 10 गुणा ग्रोथ करके देश मेंअग्रणी राज्यों में नंबर वन बनना है।

**हमारे डॉक्टर किसी से कम नहीं, मैंने एसएमएस में हार्ट में स्टंट लगवाया:** सीएम ने कहा कि राजस्थान की मेडिकल सुविधाएं देश में अव्वल हैं। हमारे डॉक्टर शानदार हैं। मैंने अपना स्टंट एसएमएस अस्पताल में लगवाया, यहां के डॉक्टर किसी से कम नहीं है।

**राजस्थान से जाओ तो पता लग जाता है गुजरात आ गया:** गहलोत ने कहा-पहले गुजरात से राजस्थान आते थे तो गाड़ी में नींद खुल जाती थी, तो समझो राजस्थान आ गया है। अब उल्टा हो गया है। अब राजस्थान से जाओ तो पता लग जाता है कि गुजरात आ गया। राजस्थान सड़कों में गुजरात से अच्छा हो गया है।

## पूरी दुनिया का ग्रोथ इंजन भारत बनेगा

*मुश्किल समय में किए बड़े आर्थिक सुधार*

सितारा न्यूज नेटवर्क

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने साफ संदेश दे दिया कि अब दुनिया में भारत से बेहतर निवेश वाला कोई विकल्प नहीं है। संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने ये भी कहा कि इस समय जब पूरी दुनिया में उथल-पुथल चल रही है, कई देशों की अर्थव्यवस्था डगमगा रही है, भारत जल्द ही 5 ट्रिलियन इकोनॉमी बनने जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिक्स सम्मेलन में हिस्सा लिया है। उनकी तरफ से वहां पर संबोधन के दौरान कई अहम बातें बताई गई हैं। उन्होंने जोर देकर कहा है कि आने वाले सालों में भारत ही पूरी दुनिया का ग्रोथ इंजन होने जा रहा है। उनकी तरफ से इस बात पर भी जोर दिया गया है कि भारत ने पिछले कुछ सालों में हर क्षेत्र में जबरदस्त विकास किया है।

### विदेशों में भारत का गुणगान

अपनी सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इस बार के बजट में हमने इंफ्रास्ट्रक्चर के 120 करोड़ डॉलर का प्रावधान रखा है। इससे हम नए भारत की नींव रख रहे हैं। हर क्षेत्र में तेज गति से बदलाव आ रहा है। आज भारत में 10 हजार किलोमीटर की रफ्तार से हाईवे बन रहे हैं। पिछले 9 वर्षों में एयरपोर्ट की संख्या दोगुनी हुई है। उनकी तरफ इस बात पर भी जोर दिया गया कि वर्तमान सरकार ने रेड टेप को काटकर रेड कार्पेट बिछा दिया है।

### आर्थिक सुधारों का जिक्र

इस बयान से पीएम मोदी ने साफ संदेश दे दिया कि अब दुनिया में भारत से बेहतर निवेश वाला कोई विकल्प नहीं है। संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने ये भी कहा कि इस समय जब पूरी दुनिया में उथल-पुथल चल रही है, कई देशों की अर्थव्यवस्था डगमगा रही है, भारत जल्द ही 5 ट्रिलियन इकोनॉमी



बनने जा रहा है। भारत आने वाले सालों में पूरी दुनिया का ग्रोथ इंजन बनने का काम करेगा। पीएम मोदी के मुताबिक भारत मुश्किल समय में इतनी तेजी से आगे इसलिए बढ़ रहा है क्योंकि उसने आपदा को भी अवसर में बदला और समय रहते कई बड़े आर्थिक सुधार किए।

### क्या होता है ये ब्रिक्स?

वैसे जिस ब्रिक्स सम्मेलन में पीएम मोदी ने हिस्सा लिया है, वो अपने आप में काफी मायने रखता है। असल में ब्रिक्स पांच सबसे तेज अर्थ्यवस्थाओं वाले देशों का एक ग्रुप है। इसके नाम के जितने भी अक्षर हैं, वो सभी किसी ना किसी देश के नाम पर हैं। इफ्क्रऊर में इसे ब्राजील, फ से रूस, क से इंडिया, उ से चीन और र से साउथ अफ्रीका रहता है। साल 2001 में सबसे पहले एक रिसर्च पेपर में इफ्क्रऊ शब्द का इस्तेमाल किया गया था। उस समय र अक्षर उसमें नहीं लगता क्योंकि साउथ अफ्रीका तब तक समिट के साथ नहीं जुड़ा था। साल 2010 में जब साउथ अफ्रीका भी साथ गया तो इसे इफ्क्रऊर नाम दिया गया।

भारत के लिहाज ये समिट इसलिए भी जरूरी है क्योंकि इसमें चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और पीएम नरेंद्र मोदी की मुलाकात संभव है। कोई औपचारिक ऐलान नहीं किया गया है, लेकिन सीमा विवाद पर जिस तरह से दोनों सेनाओं द्वारा लगातार चर्चा की गई, कयास लगे कि अब दोनों नेता भी मुलाकात कर सकते हैं।

## राजस्थान में बिजली कटौती से लोग परेशान

**जयपुर।** अगस्त में मानसून धीमा पड़ने से प्रदेश में बिजली संकट खड़ा हो गया है। गर्मी बढ़ने से बिजली की डिमांड बढ़ गई है। बिजली विभाग की ओर से कटौती कर लोड मैनेजमेंट किया जा रहा है। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में बिजली कटौती की जा रही है। गांव-ढाणी के लोग बिजली कटौती से ज्यादा परेशान हैं।

प्रमुख प्रशासन सचिव ऊर्जा और अध्यक्ष डिस्कॉम भास्कर ए सावंत ने बताया कि राज्य में बिजली की औसत खपत 3400 लाख यूनिट प्रतिदिन से



भी ज्यादा हो गई है। बिजली की अधिकतम मांग करीब 17000 मेगावाट तक पहुंच गई है। इस बार बारिश नहीं होने से बिजली की डिमांड बढ़ गई है।

डिमांड ज्यादा होने और सप्लाई कम होने की स्थिति में बिजली कटौती की जा रही है, ताकि डिमांड और सप्लाई में तालमेल बना रहे। पर्याप्त बिजली नहीं मिलने के कारण औद्योगिक और नगर पालिका क्षेत्र के साथ जिला मुख्यालयों पर घोषित कटौती के अलावा ग्रामीण इलाकों में आवश्यकतानुसार एक से डेढ़ घंटे की विद्युत कटौती की जा रही है।

राजस्थान ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के एमडी एम एम रणवा ने कहा- अप्रैल-मई में बिपरजॉय तूफान के आने की वजह से खेतों में पर्याप्त नमी मिली, जिसकी वजह से किसानों ने बुवाई का एरिया काफी बढ़ा दिया। जब फसल अगस्त से सितंबर महीने में तैयार हो जाती है तो उस समय बारिश का मौसम रहता है और खेतों में पानी भरा रहता है। इस बार अगस्त में पर्याप्त बारिश नहीं हुई, जिसकी वजह से किसान ट्यूबवेल के सहारे फसलों की सिंचाई कर रहे हैं। इसकी वजह से भी लोड बढ़ा है।उन्होंने कहा- दूसरा एक बड़ा कारण यह भी है कि इस साल राज्य सरकार की ओर से कृषि कनेक्शन में भी काफी वृद्धि की गई है। इसकी वजह से पूरा लोड मैनेजमेंट सिस्टम पर पड़ा है। अगस्त से सितंबर महीने का समय पावर प्लांट्स के मेंटेनेंस का होता है, क्योंकि इस महीने में लोड कम होता है, इसलिए वार्षिक मेंटेनेंस किया जाता है। इसके चलते उत्पादन पर भी प्रभाव पड़ता है।

## सुधांशु त्रिवेदी बोले-सीएम गहलोत का विजन खौफनाक और दर्दनाक

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** सीएम अशोक गहलोत ने आज प्रदेश के लिए साल 2030 तक का विजन डॉक्यूमेंट जारी किया। सीएम गहलोत के इस विजन डॉक्यूमेंट को लेकर बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि सीएम अशोक गहलोत का यह विजन प्रदेश की जनता के लिए खौफनाक और दर्दनाक हैं। सुधांशु त्रिवेदी आज जयपुर में बीजेपी मीडिया विभाग एवं सोशल मीडिया की कार्यशाला को संबोधित करने के लिए आए थे। यहां मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कुछ भी बोलने का प्रयास करें। लेकिन वह जिस विजन की बात कर रहे हैं, वह पूरी तरह से ब्लर है।

सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि अगर मुख्यमंत्री को विजन दिखाई नहीं पड़ रहा है तो अपनी आंखों से चश्मा हटाएं। यह विजन कितना खौफनाक और दर्दनाक है। राजस्थान के लिए उसकी कल्पना करना भी मुश्किल है। 5 साल के शासन में जिस तरह से जनता ने तुष्टिकरण को सहा है। उसका जवाब प्रदेश की जनता 2023 के चुनाव में देगी।

उन्होंने कहा कहा कि आजकल मुख्यमंत्री अशोक गहलोत गारंटी देने की बात करते हैं। लेकिन गारंटी



तो अब उनके खुद के विधायक और मंत्रियों की भी नहीं रही हैं। उन्हें भी वह अपने विरोधी खेमे में मानकर चल रहे हैं।

जयपुर ग्रामीण से सांसद व बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा की जिस व्यक्ति की आंखों पर पट्टी बंधी हो उसका कैसा विजन हो सकता है। इसी कांग्रेस ने 2018 में जो विजन रखा था। उससे राजस्थान की जनता भ्रमित हो गई थी। लेकिन उस शासन को जनता ने 5 साल देख लिया। उनका विजन टोटली फेल हो गया है। अब आखिर में गिनती के दिनों में जनता को लुभाने के लिए योजनाओं की घोषणा कर रहे हैं। कार्यशाला को संबोधित करते हुए बीजेपी के राष्ट्रीय संगठन मंत्री बीएल संतोष ने कहा कि बीजेपी कार्यकर्ता सोशल मीडिया को केवल मनोरंजन का साधन नहीं समझे। इसे नॉलेज बढ़ाने के रूप में भी इस्तेमाल करें।उन्होने कहा कि पार्टी के प्रवक्ता और पैनलिस्ट फ्रंट लाइन वॉरियर की तरह काम करते हैं। उन्होने सोशल मीडिया पर भ्रामक चीजों के प्रसार को एक उदाहरण के जरिए कार्यशाला में समझाया। कार्यशाला को बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड और उत्तरप्रदेश के विधायक श्रीकांत शर्मा ने भी संबोधित किया।

## आयू में 7 सूत्री मांगों को लेकर ABVP का प्रदर्शन: बोले- छात्रसंघ चुनाव कराए सरकार

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** राजस्थान में छात्र संघ चुनाव की मांग को लेकर आंदोलन दिनों दिन तेज होता जा रहा है। राजस्थान यूनिवर्सिटी में बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने 7 सूत्री मांगों को लेकर धरना दिया। एबीवीपी कार्यकताओं ने यूनिवर्सिटी प्रशासन और सरकार ने इन मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने की मांग की। मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत मंत्री शौर्य जैमन ने कहा- राजस्थान यूनिवर्सिटी के हालात बद से बदतर हो चुके हैं। यूनिवर्सिटी में अब तक एडमिशन की प्रक्रिया भी पूरी नहीं हो पाई है। वहीं कुलपति की लापरवाही से छात्र संघ चुनाव तक रद्द कर दिया गया है, लेकिन यूनिवर्सिटी के कुलपति अपने घर में आराम करवाने में व्यस्त हैं, इसलिए एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने आम छात्रों की 7 मांगों को लेकर रजिस्ट्रार ऑफिस का घेराव किया



है। उन्होंने कहा- अगर यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा इन मांगों को अगले 1 सप्ताह में पूरा नहीं किया गया तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता बड़ा आंदोलन करेंगे। इसके साथ ही कुलपति का सार्वजनिक बहिष्कार किया जाएगा।

| पूर्वानुमान > | | मंगल | बुध | गुरु | शुक्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 27° | अधिकतम > | 33°c | 32°c | 35°c | 33°c |
| | न्यूनतम > | 25°c | 26°c | 25°c | 26°c |

### राजस्थान आवासन मंडल सीधी भर्ती परीक्षा-2023

# आयुक्त एवं सचिव ने की परीक्षार्थियों से परीक्षा की तैयारी में जुट जाने की अपील

## 59 हजार से ज्यादा आवेदकों ने किया 258 पदों के लिए आवेदन परीक्षा अगले माह

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** राजस्थान आवासन मंडल में लगभग 30 सालों बाद होने वाली सीधी भर्ती परीक्षा-2023 की अंतिम तिथि तक 258 विभिन्न पदों के लिए कुल 59 हजार 968 आवेदन प्राप्त हुए हैं। सितंबर माह में यह परीक्षा ऑनलाइन माध्यम से आवंटित परीक्षा केंद्रों पर आयोजित करवाई जाएगी।

आवासन आयुक्त एवं सचिव अल्पा चौधरी ने बताया कि सीधी भर्ती परीक्षा को लेकर अभ्यर्थियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। उन्होंने बताया कि 19 जुलाई से लेकर 21 अगस्त की मध्य रात्रि तक 258 पदों पर 1 लाख से अधिक लोगों ने रजिस्ट्रेशन किया और 59 हजार 968 लोगों के आवेदन सफलतापूर्वक पंजीकृत हुए। चौधरी ने बताया कि सीधी भर्ती परीक्षा-2023 पूर्णतया निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराई जाएगी। आवेदक अपनी पढ़ाई और तैयारी पर ध्यान दें। किसी भी तरह के बहकावे या अफवाह पर ध्यान ना दें। उन्होंने बताया कि आवेदन के अंतिम दिन तक सहायक प्रोग्रामर के लिए कुल 1735, (जूनियर) सिविल डिप्लोमा के लिए 6374, सूचना सहायक के लिए 5285, जूनियर अकाउंटेंट के लिए 16422, (जूनियर) सिविल डिग्री के लिए 9523, कनिष्ठ प्रारूपकार के लिए 343, (जूनियर) इलेक्ट्रिक डिग्री के लिए 2553, कनिष्ठ सहायक के लिए 13909, कनिष्ठ विधि अधिकारी के लिए 3440 और वरिष्ठ प्रारूपकार के लिए 384 आवेदकों ने आवेदन किया है। चौधरी ने कहा कि सेंटर फॉर डवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कम्प्यूटिंग (सी-डैक, भारत सरकार के सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की स्वायत्तशासी संस्था) के माध्यम से सीधी भर्ती परीक्षा आयोजित की जा रही है। पूर्णतया ऑनलाइन होने वाली इस परीक्षा में किसी भी तरह की ओएमआर शीट का उपयोग नहीं किया जाएगा। राजस्थान आवासन मंडल निष्पक्ष और पारदर्शी परीक्षा संपादित कराने के लिए संकल्पित और कटिबद्ध है।आयुक्त एवं सचिव ने बताया कि सीधी भर्ती परीक्षा के सुचारू और सफल संचालन के लिए मंडल सचिव सहित 9 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है, जो की परीक्षा से जुड़ी तमाम कार्यवाही और घटनाक्रम पर कड़ी और पैनी नजर रखेगी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा एजेंसी भी पूरी तरह मुस्तैद और सजग रहेगी।

राजस्थान आवासन मण्डल

## पंचाग

दिनांक:-23 अगस्त 2023 बुधवार

विक्रम संवत2080 श्रावन शुक्ल पक्ष

| | | |
|---|---|---|
| तिथि | सप्तमी | 27:30:33 |
| पक्ष | शुक्ल | |
| नक्षत्र | स्वाति | 08:06:55 |
| योग | ब्रह्म | 21:43:18 |
| करण | गर | 15:23:24 |
| करण | वणिज | 27:30:33 |
| चन्द्र राशि | तुला | 26:52:59 |
| चन्द्र राशि | वृश्चिक | 26:52:59 |
| सूर्य राशि | सिंह | |
| दिशा शूल | उत्तर | |
| सूर्योदय(जयपुर) | | 06:03:06 |
| सूर्यास्त | 18:55:37 | |
| चंद्रोदय | 11:53:09 | |
| चंद्रास्त | 22:52:18 | |
| राहू काल | 12:29 - 14:06 | |

**शुभ चोघडिया**

| | | |
|---|---|---|
| लाभ | 06:03 - 07:40 | शुभ |
| अमृत | 07:40 - 09:16 | शुभ |
| शुभ | 10:53 - 12:29 | शुभ |
| चर | 15:42 - 17:19 | शुभ |
| लाभ | 17:19 - 18:56 | शुभ |



विशेष जानकारी:- शील सप्तमी:-आज

ज्योतिषाचार्य

भानुप्रकाश शास्त्री

# पूर्णेश मोदी का प्रवास भाजपा जवाजा मंडल में रहा





सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** भारतीय जनता पार्टी ब्यावर विधानसभा क्षेत्र में केंद्रीय प्रवृत्ति विधायक अभियान के अंतर्गत मंगलवार को सूरत से प्रवासी विधायक पूर्णेश मोदी का प्रवास भाजपा जवाजा मंडल में रहा।प्रवासी विधायक पूर्णेश मोदी ने जवाजा स्थित अलकपुरी की धूनी में शिव मंदिर में पूजा-अर्चना कर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खंड कार्यवाहक के निवास स्थान पर संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा की।बूथ संपर्क कार्यक्रम के तहत शक्ति केंद्र प्रमुख एवं बूथ अध्यक्ष व कार्यकताओं के साथ बैठक की जिसमें 200 से अधिक शक्ति केंद्र अध्यक्ष व उपाध्यक्ष और बूथ के अध्यक्ष उपाध्यक्ष व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके पश्चात जवाजा मंडल में वीर शहीद निम्बसिंहजी के निवास स्थान पर उनके परिवार के साथ भेंट की और आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के द्वारा पूर्व सैनिक और शहीदों को दी जाने वाली लाभों के बारे में चर्चा की।



केन्द्रीय विधायक प्रवास अभियान के अंतर्गत सूरत विधायक पूर्णेश मोदी ने प्रबुद्ध नागरिक और फर्स्ट टाइम वोटर्स के साथ बैठक की जिसमें युवा फर्स्ट टाइम वोटर्स को भारतीय जनता पार्टी और केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की योजनाओं नेशन कार्यों एवं विश्व में बढ़ते भारत के मान सम्मान के समर्थन के साथ-साथ राष्ट्र प्रथम राष्ट्र सर्वोपरि के साथ ही जनकल्याण के संकल्प के हित में मतदान करने की शपथ दिलवाई गई।इस दौरान कार्यक्रम में अजमेर देहात जिला भाजपा के मंत्री करण सिंह रावत, विधायक शंकरसिंह रावत, जवाजा मंडल अध्यक्ष संतोष रावत, विधानसभा विस्तारक करणसिंह चौहान, मंडल महामंत्री सुरेंद्र चनिया, मंडल उपाध्यक्ष मीना देवी, पंचायत समिति अध्यक्ष पुष्पेंद्र भाटी, पूर्व सैनिक, पूर्व सरपंच, पूर्व उपसरपंच, जनसंघ के कार्यकर्ता और भाजपा के वरिष्ठ व मातृशक्ति कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नशा मुक्ति जन जागृति अभियान कार्यक्रम आयोजित

सितारा न्यूज नेटवर्क



**जयपुर।** शहर के दुगार्पुरा स्थित नव विकल्प नशामुक्ति संस्थान द्वारा सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग भारत सरकार के सहयोग से जयपुर में नशा मुक्ति जन जागृति अभियान के अंतर्गत संस्था द्वारा विल्फ्रेड गर्ल्स कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित रहे सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग जयपुर के संयुक्त निदेशक बी पी चंदेल ने कहा कि समाज के हर वर्ग में नशे की समस्या बढ़ती ही जा रही है, और इससे युवा पीढ़ी को नशे के खिलाफ जागृत करके ही नशे की समस्या से बचाया जा सकता है।संस्था के अध्यक्ष हरीश भूटानी ने उपस्थित छात्रों को नशे से दूर रहने के सरल उपाय बताए।

## रैणी प्रधान प्रतिनिधी मांगेलाल मीना ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कराया बायोडाटा जमा

### *भारी संख्या में जनबल व समर्थकों के साथ पहुंचे प्रधान प्रतिनिधी मीना बायोडाटा जमा कराने*

सितारा न्यूज नेटवर्क





**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर की राजगढ-लक्ष्मणगढ विधानसभा क्षेत्र से आगामी चुनाव को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशन में ब्लॉक स्तर पर चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारो के बायोडाटा जिलाध्यक्ष के द्वारा निर्देशित कर ब्लॉक अध्यक्ष के माध्यम से विधानसभा चुनाव प्रभारी को जमा कराने के लिए निर्देश दिए गए। इसी क्रम मे रैणी प्रधान प्रतिनिधी मांगेलाल मीना रिटायर्ड चीफ इंजीनियर पीडब्लूडी ने अपने भारी संख्या मे समर्थको के साथ जाकर रैणी कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष के माध्यम से आगामी चुनाव के लिए बायोडाटा जमा कराये । इस दौरान रैणी प्रधान प्रतिनिधी मांगेलाल मीना समर्थको मे भारी उत्साह दिखाई दिया और सभी प्रसन्न होकर मांगेलाल मीना के पक्ष मे बाहर सड़क पर नारे लगाते हुए भी दिखाई दिए। मिडिया को यह सारी जानकारी आरडी मीना बैरावण्डा के द्वारा दी गई है।

## राजस्थान शिक्षा संघ राष्ट्रीय जिला ब्यावर के पदाधिकारी द्वारा जिलाधीश को सौंपा ज्ञापन

### अर्जुन सिंह केन के कार्य व्यवस्थार्थ आदेश करने के विरोध में सौंपा ज्ञापन




सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** राजस्थान शिक्षा संघ राष्ट्रीय जिला ब्यावर के पदाधिकारी द्वारा जिलाधीश को एक ज्ञापन सौंपा जिसमें अर्जुन सिंह केन प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सरमालिया के कार्य व्यवस्थार्थ आदेश निरस्त करने का अनुरोध किया गया जिला मंत्री रघुवीर सिंह चौहान ने बताया कि 20 अगस्त को गांव के कुछ ग्रामीणों ने अपने स्वार्थ के लिए तालाबंदी कर प्रशासन को गलत तथ्य देकर अर्जुन सिंह केन को एपीओ करने का षड्यंत्र किया सभा अध्यक्ष राजेंद्र प्रजापति ने बताया कि सरमलिया गांव मे बच्चों को लेकर हुई घटनाओं को लेकर शिकायत करते रहते हैं और गांव की घटना को विद्यालय की बताकर अनावश्यक दबाव डालते हैं हम सब मांग करते है कि अर्जुन सिंह केन एक निष्ठावान, दिव्यंका प्रधानाचार्य हैं और अनुशासन व्यवस्था बहुत ही अच्छी हैं पूरे विद्यालय में कैमरे लगे हुए हैं प्रशासन तुरंत जांच कर उन्हें उन्हें वापस इस विद्यालय में लगावे ताकि हमारे शिक्षकों का मान रह सके।

धरने में प्रधानाचार्य का प्रतिनिधि भी सम्मिलित हुआ और उन्होंने भी अपनी बात को प्रशासन के सामने रखा माननीय न्यायाधीश माननीय जिलाधीश महोदय ने बड़े ध्यानपूर्वक हमारी बातों को सुना और आश्वासन दिया की अति शीघ्र अर्जुन सिंह केन को जांच कर कर पुन विद्यालय में लगा दिया जाएगा ज्ञापन देने वालों में विभाग संगठन मंत्री गुरुशरण गोयल, पूर्व जिला अध्यक्ष धनना सिंह रावत, कोषाध्यक्ष विष्णु गोयल , प्रदेश प्रतिनिधि धीरज तर्क , मुकेश प्रजापति, अनिल पाराशर, नंद सिंह चौहान, भगवान सिंह लालपुरा, महेंद्र शर्मा प्रधानाचार्य नेमीचंद यादव, आशा संत ,कविता मौर्य, सुरेंद्र माथुर रोहित जैन, नंदकिशोर गर्ग ,नीतू विजय विजयलक्ष्मी सांखला, कविता मौर्य, लक्ष्मी जाटव ,आरती अमरावत, महेंद्र सिंह पवार, दिनेश कुमार ,महेश शर्मा ,प्रकाश प्रजापति आदि शिक्षक एवं प्रधानाचार्य उपस्थित हुए।

## लग्जरी लाइफ का सपना.. गैंग में शामिल कर गांव के लड़को को ट्रेनिंग और फिर वारदात

**जयपुर।** आज के समय हर व्यक्ति का सपना लग्जरी लाइफ जीने का होता है। कई बार लोग अपने सपनों को पूरा करने के लिए गलत काम करने से भी नहीं कतराते है। ये लोग अपने शौक पूरे करने के लिए अलग-अलग तरीके अपनाते है। इसी तरह का एक मामला अलवर जिले से सामने आया है। जहां पर लग्जरी लाइफ को जीने के लिए आरोपी घरों में चोरी की घटना को अंजाम देते थे। गैंग का सरगना इन लोगों को ट्रेनिंग देता था। आपको हैरानी होगी कि इस सरगना के अंडर में 10 लोग काम करते थे। अलवर के पास स्थित समोला गांव में बढ़ती चोरी की घटनाओं के बाद अरावली विहार थाना पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए दो सदस्यों में से एक कादर गैंग का सरगना बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार इस गैंग के द्वारा पिछले 6 महीनों से चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। पुलिस ने कार्रवाई में एक अन्य आरोपी साहिल को भी गिरफ्तार किया है।

# विधायक जौहरीलाल मीना के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने खोलने दिया विधायक को ताला

### 5 दिन का अल्टीमेटम पूरा होने पर भजेड़ा ग्रामवासियो ने (कृषि संकाय पुनः खुलवाने हेतु) स्कूल गेट पर लगाया ताला







सितारा न्यूज नेटवर्क

**विधायक जौहरीलाल के साथ मौके पर रैणी एसडीएम गौरव मित्तल व तहसीलदार पृथ्वीराज मीना और एसीबीईओ रामस्वरूप मीना रहे मौजूद**

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी-उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत-भजेड़ा मुख्यालय पर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मे दो माह बाद अचानक से कृषि संकाय हटा दी गई है और विधार्थियो को टी.सी. दे दी गई तो अभिभावक व विधार्थी असमंजस मे पड गये और सरपंच / पंचायत समिति सदस्य व वार्डपंच तथा पंच-पटेल स्थानीय विधायक से मिले तथा रैणी एसडीओ गौरव मित्तल को 5 दिन का लिखित मे ज्ञापन 17 अगस्त को दिया जो 22 अगस्त को पूरा हो गया जिसकी ऐवज मे मंगलवार को विधार्थियो ने व अभिभावको ने व ग्रामीण पंच-पटेलो के द्वारा स्कूल के गेट पर ताला लगा दिया जो विधायक जौहरीलाल मीना के द्वारा गांव वालो के सामने रैणी उपखण्ड अधिकारी गौरव मित्तल व रैणी तहसीलदार पृथ्वीराज मीना एवं रैणी एसीबीईओ रामस्वरूप मीना व रैणी एसएचओ राजेश मीना की मौजूदगी मे खोला गया। इस सम्बन्ध मे रैणी एसडीओ गौरव मित्तल ने मिडिया को बताया कि हमने हमारे स्तर से 17 अगस्त को ही ग्रामीणो के द्वारा एग्रीकल्चर विषय से सम्बन्धित दिया गया ज्ञापन राज्य स्तर पर सम्बन्धित उच्चाधिकारियो को भिजवा दिया है और कार्य राज्य स्तर पर प्रोग्रेस मे है तथा मंगलवार को जैसे ही एसडीएम कार्यालय मे स्कूल मे धरना प्रदर्शन सम्बन्धित जानकारी मिली तो मेरे द्वारा तुरंत ही मौके पर रैणी तहसीलदार पृथ्वीराज मीना को व रैणी एसीबीईओ रामस्वरूप मीना को भेज दिया गया तथा बाद मे विधायक सहाब के साथ मै भी मौके पर मौजूद रहा और विधायक सहाब ने जल्द से जल्द इस बारे मे सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया है तथा स्कूल गेट का ताला खोल दिया गया। स्थानीय सरपंच बिजेन्द्र कुमार मीना की मौजूदगी मे ग्रामीण लोगो ने मिडिया को बताया है कि स्थानीय विधायक जौहरीलाल मीना ने हम सभी मौजूद लोगो को 10 दिन का टाइम दिया है कि 10 दिन मे आपके विधालय मे एग्रीकल्चर व विज्ञान वर्ग खुलवा दिया जावेगा और इसी शर्त पर ग्रामीण लोगो ने एमएलए सहाब को स्कूल गेट का लोक खोलने दिया। इस दौरान मौके पर स्थानीय सरपंच बिजेन्द्र मीना, पूर्व सरपंच पूरण मीना , शिवदयाल मेम्बर , विनय सिंह मेम्बर , भागचंद ठेकेदार , प्रहलाद मीना , धर्म मीना , सन्नी बालोत, कालूराम मीना , नीतीश मीना , कन्हैयालाल मीना सहित अनेक गणमान्य ग्रामीण नागरिक मौजूद रहे।


गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## बिजौली मंडल एवं बाड़ी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकताओं की बैठक हुई आयोजित





सितारा न्यूज नेटवर्क

**बाडी/अंकित गोयल ।** आगामी राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 को मद्देनजर रखते हुए मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय विधायक प्रवास के दौरान विधानसभा क्षेत्र बाड़ी के मंडल बिजौली में प्रवासी विधायक मथुरा ( यूपी ) सीट से एमएलसी विधायक ओमप्रकाश सिंह का मंडल बिजौली में प्रवास का दूसरा दिन रहा तथा बिजौली मंडल एवं विधानसभा क्षेत्र बाड़ी के समस्त भाजपा पदाधिकारी और कार्यकताओं की सामूहिक बैठक बिजौली मंडल के मौनी बाबा मंदिर बसई डांग पर ली बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बिजौली भाजपा रामवीर सिंह गुर्जर ने की भारतीय जनता पार्टी की स्थिति को जानने तथा कार्यकताओं में जान फूंकने के लिए प्रवासी विधायक लगाए गए है राजस्थान राज्य में भारतीय जनता पार्टी पूर्ण बहुमत की सरकार और मिशन 2023 को सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है मथुरा से पधारे माननीय विधायक भाजपा की जीत कैसे सुनिश्चित हो इसके लिए विधानसभा क्षेत्र के हर एक भाजपा कार्यकर्ता से अपने सुनियोजित तरीके से बात कर रहे है और लगन एवं ईमानदारी से पूर्ण समर्पित होकर संगठन को हद से ज्यादा मजबूत बनाने पर जोर दे रहे है और साथ ही विधायक का कहना है कि संगठन जितना मजबूत जीत उतनी ही शानदार तरीके से होगी इस बैठक के दौरान विधानसभा प्रभारी बाड़ी धर्मसिंह चौधरी, विधानसभा संयोजक विजय त्यागी, विधानसभा विस्तारक गिरधारी सिंह चौधरी ,जिला उपाध्यक्ष भाजपा धौलपुर दिनेश बागथरिया, पूर्व विधायक बाड़ी जसवंत सिंह गुर्जर, जिला संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ भाजपा विष्णु सिंघल ( सनौरा वाले ) पूर्व जिला प्रमुख दुर्ग सिंह अंदाना, पूर्व प्रधान पूरन सिंह गुर्जर ,प्रशांत परमार ,रमेश कुशवाह, मंडल उपाध्यक्ष मलखान सिंह गुर्जर ,मंडल महामंत्री गोपाल कोली, मंडल मंत्री रविन्द्र सिंह गुर्जर ,रामेश्वर सिंह सरपंच ,भारत सिंह सरपंच, स्वामी बाबा, सरपंच अमिताभ सिंह , पूर्व सरपंच नगर श्रीकृष्ण नेता, बनवारी ,देवेंद्र सिंह डांग बसई, दिनेश गुर्जर, पंचायत समिति सदस्य दशरथ सिंह गुर्जर आदि 500 से अधिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## ज़िला स्तरीय 'गुड टच, बेड टच' से संबंधित एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन



सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर ( अनिल सिखवाल )।** राजकीय पटेल उच्च मा वि ब्यावर में ज़िला स्तरीय "गुड टच, बेड टच"( अच्छा स्पर्श ,बुरा स्पर्श ) से संबंधित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया ।जिसमे ब्यावर जिले एवम पीसांगन ब्लॉक से 451 संभागियों ने प्रशिक्षण लिया ।प्रशिक्षण का शुभारंभ कैलाश चंद मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जवाजा एवम कार्यशाला संयोजक अब्दुल हनीफ खान द्वारा किया गया। प्रशिक्षण प्रभारी राजेंद्र प्रजापति उप प्रधानाचार्य व गुरुशरण गोयल,खीमराज कटारिया, परमेश्वर सिंह ,मुकेश प्रजापति, हर्षित पारीक,श्री मनोज कुमार पंवार, राहुल ओझा के सानिध्य में प्रशिक्षण तीन चरणों में आयोजित किया गया इस अवसर पर अतिरिक्त परियोजना समन्वयक अजय कुमार गुप्ता ने कहा कि हमें समाज एवम्-समाज के सभी नागरिकों एवम्- विद्यार्थियों के प्रति सजगता रखते हुए संवेदनशील रहना चाहिए प्रधानाचार्य एवम्- शिविर संचालक अब्दुल हनीफ खान ने वर्तमान परिपेक्ष में सामाजिक मूल्यों के अवमूल्यन पर गहरी चिंता जाहिर की ।प्रशिक्षण का अवलोकन रमा रानी मेठी सहायक सचिव रा. पा. पु. म.जयपुर अजय कुमार गुप्ता अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा अजमेर के द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के आरपी पुरण चंद, कुसमलता (जवाजा) आरपी पुखराज प्रजापति पीसांगन, मधुलता जायसवाल, प्रमीला कछावा, चंचल जैन लाली मीणा,मोनिका भटनागर के द्वारा किया गया।

## इंदिरा गांधी स्मार्ट फोन योजना महिलाओं एवं छात्राओं के लिए वरदान साबित : रामजीत सिंह

सितारा न्यूज नेटवर्क

**बाड़ी/अंकित गोयल।** बाड़ी राज्य सरकार के आदेशानुसार जिला कलेक्टर अनिल कुमार अग्रवाल एवं उपखंड अधिकारी यशवंत सिंह मीणा एवं विकास अधिकारी रामजीत सिंह के निर्देशन मे इंदिरा गांधी स्मार्ट फोन योजना के तहत पहले चरण मे सोमवार को ग्राम पंचायत अलीगढ़, बिजौली एवं नगर पालिका वार्ड संख्या 03 ,04 से पात्र लाभार्थियों को स्मार्ट फोन का वितरण किया गया ।मंगलवार को पंचायत समिति सभागार बाड़ी मे 125 लाभार्थियों को स्मार्ट फोन का वितरण किया गया इस दौरान विकास अधिकारी रामजीत सिंह, कनिष्ठ अभियंता योगेंद्र सिंह मीणा, पंचायत समिति प्रोग्रामर उमेश शर्मा, डीईओ तपेश बिधूड़ी, ग्राम विकास अधिकारी ब्रजकिशोर शर्मा, अमित कुमार शुक्ला, धीरज कुमार बंसल, पवन योगी, शिप्रा शर्मा, ममता अग्रवाल, दिव्यांश पचौरी, पूजा बंसल, शैलेन्द्र, राजेश वर्मा, अविता मीणा, अमित शर्मा, अरविंद, जोगेंद्र, सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।





### अध्यक्ष हीरानंद कटारिया ने पदक जीतकर आने की शुभकामनाएं दी

# राजस्थान के वुशू खिलाड़ी अभिजीत नक्षत्र, लोकेन्द्र व अभिज्ञा का भारतीय टीम में चयन

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** अंतर्राष्ट्रीय वुशू महासंघ के तत्वावधान में दिनांक 23 से 28 अगस्त 2023 तक सिचुआन, चीन में 9वी वर्ल्ड वुशू ट्रेडिशनल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली भारतीय वुशू टीम आज दिनांक 22 अगस्त को दिल्ली से रवाना हुई। हीरानंद कटारिया अध्यक्ष, राजस्थान वुशू संघ ने बताया कि 9वीं वर्ल्ड वुशू ट्रेडिशनल प्रतियोगिता में भाग लेने वाली भारतीय टीम में राजस्थान के अभिजीत एसवाल, नक्षत्र जांगिड, लोकेन्द्र सिंह, अभिजा शर्मा भारतीय टीम का



प्रतिनिधित्व करेंगे। भारतीय टीम में चयन होने पर अभिजीत एसवाल, नक्षत्र जांगिड़, लोकेन्द्र सिंह, अभिजा शर्मा को लालचंद कटारिया मुख्य संरक्षक राजस्थान वुशू संघ, राजाराम मील संरक्षक राजस्थान वुशू संघ, गोपाल सैनी संरक्षक राजस्थान वुशू संघ, विनोद सिंह शेखावत संरक्षक राजस्थान वुशू संघ, राजकुमार शर्मा संरक्षक राजस्थान वुशू संघ, भगवान सहाय जाटवा संरक्षक, राजस्थान वुशू संघ, के. सी. घुमरिया चेयरमैन राजस्थान वुशू संघ, श्रीमती ममता वर्मा, महासचिव राजस्थान वुशू संघ, राजेश कुमार टेलर वुशू कोच व सभी पदाधिकारियों ने पदक जीत कर आने की शुभकामनाएं प्रदान की।

*राजस्थान मिशन 2030 के तहत जवाहर कला केन्द्र में हुआ आयोजन*

## युवाओं ने मुख्यमंत्री के साथ साझा किये अपने सपनों के राजस्थान का विजन दस्तावेज-2030

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** युवाओं के सपनों का राजस्थान कैसा होगा इसकी बानगी देखने को मिली जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में जहां मंगलवार को जिला स्तरीय कार्यक्रम में राजस्थान मिशन 2030 के तहत युवाओं ने अपने विचार मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से साझा किये। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने विशेषज्ञों, गैर सरकारी संगठनों, महिलाओं, विद्यार्थियों एवं युवाओं के साथ वीसी के जरिये संवाद किया। इस दौरान युवाओं ने ना केवल राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की तारीफ की बल्कि कैसे जरूरतमंदों को इन योजनाओं का लाभ मिल रहा है इसे लेकर अपने अनुभव भी साझा किये। कार्यक्रम में मिशन 2030 को लेकर एक लघु फिल्म का भी प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित, अतिरिक्त जिला कलक्टर (तृतीय) अशोक कुमार शर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर ( पूर्व ) अमृता चौधरी सहित अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।





## 'बेटियों की सुरक्षा' बेटी है जग की जननी हमें रक्षा अब इनकी करनी है

सितारा न्यूज नेटवर्क

आजकल अखबारों में आए दिन बेटियों के ऊपर हो रहे अत्याचारों की खबरें और मामले सामने आ रहे हैं, वहीं दूसरी और पुलिस प्रशासन व सरकार के द्वारा चलाए गए सुरक्षा कार्यक्रम या पहल के मामले भी सामने आ रहे हैं।

मेरा एक सवाल या हर बेटी का एक सवाल है। सच में बेटियां सुरक्षित है?

अगर सरकार व पुलिस प्रशासन द्वारा पहल से सुरक्षित है तो आए दिन बेटियों को मारा जा रहा है, डराया जा रहा है, जलाया जा रहा है। उनके सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल की जा रही है..वो क्यों हो रहे हैं ?

या तो पुलिस प्रशासन सही जांच नहीं करती अन्यथा कानून द्वारा सबको सही दंडित नहीं किया जाता या आरोपियों को कानून का डर नहीं है। खुलेआम अपराध करते हैं। आए दिन स्कूल जाने वाली , कॉलेज की छात्राएं काम करने वाली महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचारों से उन्हें कब जाकर सही मायने में मुक्ति मिलेगी। हमारे समाज की बेटियों को महिलाओं को कौन बताएगा। जिस तरीके से आए दिन वारदातें होती है, उनके अपनी आवाज कैसे पुलिस प्रशासन व सरकार तक पहुंचानी है व पुलिस प्रशासन व सरकार को भी यह दर्द समझना होगा कि इन जानलेवा हमला,फोटो वायरल, वीडियो ग्राफी,धमकियों से कितने मां बाप ने अपनी बेटियों, कितने नासमझ बच्चों ने अपनी मां को खो दिया है एवं कितनी बेटियां व माँ इन अत्याचारों को सह भी रही है। हमें अपने लिए खुद पहल करनी होगी, व हर बेटी व हर महिला को खुद अपने अत्याचारों को पुलिस प्रशासन को हमारी सरकार को बताना होगा व अपनी लड़ाई में खुद जागरूकता के साथ लड़ना होगा।

बेटियां जब सुरक्षित नहीं है तो बेटियों पर बने स्लोगन सही कैसे हैं। बेटी बचाओ : बेटी बचा तो ली लेकिन सुरक्षा नहीं कर पाए।

प्रशासन व सरकार को भी पूरी तरह से निष्पक्ष बिना किसी की ऊपरी पहुँच व रिश्वतखोरी की जांच एवं कार्यवाही करनी चाहिए या कानून व सरकार को भी ऐसे आरोपियों को ऐसे काम करने वालों को कड़ी से कड़ी सजा का प्रावधान होना चाहिए ताकि दोबारा हमारी और बेटियों इन सब का शिकार ना हो।

**<u>आज से हमारा एक ही नारा हो</u>**
**<u>सर्वप्रथम बेटियों की सुरक्षा</u>**

**लेखिका**
**समाज की नारी**

## जेनिसिस इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों को भारतीय खाद्य निगम की कार्यप्रणाली से करवाया अवगत



सितारा न्यूज नेटवर्क

**धौलपुर/अंकित गोयल ।** भारतीय खाद्य निगम के जेल रोड स्थित गोदाम में मंगलवार को जेनिसिस इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों भारतीय खाद्य निगम की कार्य प्रणाली के बारे में जानकारी दी गई ।इस दौरान निगम के प्रबंधक ( आगार ) सुनील कुमार ने निगम द्वारा किसानों से गेहूँ की खरीद ,गोदाम में खाद्यान्न की प्राप्ति, विभिन जनकल्याणकारी योजनाओं मे खाद्यान्न की निकासी, कोरोना काल में केंद्र सरकार की ओर से चलाई गई प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के सात चरणों में गेहूँ का निःशुल्क वितरण ,खुले बाजार में गेहूँ की दर को नियन्त्रण में लाने के लिए ओपन मार्केट सेल योजना के मध्यम से गेहूँ की बिक्री, खरीद प्रक्रिया, भण्डारण एव खाद्यान्न परिक्षण संबंध में जानकारी दी इस मोके पर भारतीय खाद्य निगम से दिलीप कुमार यादव प्रबन्धक ,रतन सिंह मीना, विष्णु कुमार शर्मा, पूर्ति जैन, रवीन्द्र सिंह धर्म सिंह मीना, केदारनाथ कोली व स्कूल के प्रिंसिपल संतोष उपाध्याय, शारीरिक शिक्षक जगमोहन बघेल एव छात्र आदि मौजूद रहे।

## राजस्थान पुलिस की संवेदन शीलता, ग्रीन कॉरिडोर बनाकर ऐसे बचाई लड़की की जान

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस की संवेदनशीलता ने एक लड़की को मौत को मुंह से निकालने का काम किया है। दरअसल, जयपुर के वैशाली नगर में एक लड़की ने फांसी लगा कर आत्महत्या करने की कोशिश की।

घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने कमरे में जाकर लड़की को देखा तो उसकी सांसे चल रही थी। इसके बाद बिना देरी किए लड़की को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसका इलाज जारी है।

**लड़की की जान बचाने के लिए बनाया ग्रीन कॉरिडोर:** जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जब लड़की की सांसे चलती देखी तो तुरंत इसकी सूचना संबधित कंट्रोल रुम को दी। बिना समय खराब किए पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से ग्रीन कॉरिडोर बनाकर लड़की को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस की संवेदनशीलता के कारण समय पर लड़की को अस्पताल पहुंचाया जा सका। अभी जानकारी के अनुसार लड़की का अस्पताल में इलाज जारी है।

### ब्लॉक स्तरीय ग्रामीण ओलंपिक खेलों का हुआ समापन

# विजेता टीमों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

सितारा न्यूज नेटवर्क

**बाडी/अंकित गोयल।** ब्लॉक स्तरीय ग्रामीण ओलंपिक खेलों का समापन महाराणा प्रताप खेल मैदान में उपखंड अधिकारी यशवंत मीणा के मुख्य आतिथ्य एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दाऊदयाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया ।विशिष्ट अतिथि के रूप में विकास अधिकारी रामजीत सिंह ,अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कल्याण सिंह मीणा एवं अजय कुमार कौशिक, आरपी सुरेश भारद्वाज, मुख्य निर्णायक वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक अशोक कुमार शर्मा थे समारोह में विजेता टीमों के खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दाऊदयाल शर्मा एवं ग्रामीण ओलंपिक खेल प्रभारी कल्याण सिंह मीणा ने बताया कि पंचायत स्तर पर विजेता टीमों ने ब्लॉक स्तर पर भाग लिया था यह ब्लॉक स्तरीय ग्रामीण ओलंपिक खेल 17 अगस्त से प्रारंभ होकर 22 अगस्त तक महाराणा प्रताप खेल मैदान में आयोजित हुए अलग-अलग खेलों के लिए अलग-अलग प्रभारी नियुक्त करके पूर्ण पारदर्शिता के साथ सभी खेल संपन्न कराए गए ब्लॉक स्तर पर पुरुष वर्ग में विजेता टीम कबड्डी में टोटरी ,वॉलीबॉल में टोटरी ,टेनिस बॉल क्रिकेट में बहादुरपुर, फुटबॉल में सनोरा, शूटिंग बॉल में धनोरा जिला स्तर पर खेलेंगे इसी तरह महिला वर्ग में विजेता टीम कबड्डी में बरपुरा ,खो-खो में टोंटरी, रस्साकशी में घड़ी खिराना ,वॉलीबॉल में नीमखेड़ा, टेनिस बॉल क्रिकेट में घड़ी खिराना एवं फुटबॉल में धनोरा जिला स्तर पर खेलेंगी । उपखंडाधिकारी यशवंत मीणा ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए खेलों का विशेष महत्व है, इसलिए खेलों को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाना चाहिए । मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दाऊ दयाल शर्मा एवं विकास अधिकारी रामजीत सिंह ने सभी विजेता टीमों को बधाई देते हुए ब्लॉक स्तरीय आयोजन में अपना सहयोग प्रदान करने वाले प्रधानाचार्य, शारीरिक शिक्षक एव शिक्षकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

अंत में उपखंड अधिकारी सहित समस्त अतिथियों द्वारा ध्वज को उतारकर ओलंपिक खेलों के समापन की घोषणा की ।राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया । कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य हरिओम सिंह सिकरवार ने किया ।इस अवसर पर प्रधानाचार्य रजनीश रावत, राजेंद्र सिंह बघेला ,राम चरण लाल, रामनिवास मीणा ,विष्णु कुमार मीणा, द्वारिका प्रसाद मीणा ,विष्णु कुमार शर्मा, राजेश गोस्वामी ,शंकरलाल ,वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक अशोक कुमार शर्मा, मुन्ना सिंह परमार ,वीरेंद्र सिंह परमार, उमादत्त शर्मा ,अशोक कुमार मीणा, पवन कुमार मीणा, हेमंत सिंह परमार ,मीना शर्मा, राकेश कुमारी, कांता खटीक शिक्षक धीरज चंसोरिया, भारत भूषण भारद्वाज, मुकेश कुमार अग्रवाल ,होरीलाल ,विनोद कुमार मीणा ,हरिओम सिंघल सहित शारीरिक शिक्षक गण, टीमों के प्रभारी, शिक्षक एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे ।





गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## चिंतन

# मणिपुर में शांति के लिए सुझावों पर गौर करे केंद्र

मणिपुर में शांति की प्रक्रिया को तेज करने की जरूरत है। फिलहाल शांति प्रतीत हो रही है, लेकिन तनाव के बीज विद्यमान हैं। वहां अभी हालात नहीं सुधरे हैं। अतीत में उग्रवाद प्रभावित पूर्वोत्तर राज्यों में जरा सी भूल भारी पड़ सकती है। चीन व पाकिस्तान जैसी विरोधी शक्तियां पूर्वोत्तर में किसी भी चिंगारी को हवा देकर आग बनाने की ताक में रहती हैं। ऐसे में हमें सतर्क रहना चाहिए। भारत सरकार ने काफी मेहनत करके पूर्वोत्तर राज्यों में शांति के बीज अंकुरित किए हैं, ऐसे में मणिपुर में जातीय हिंसा इस अंकुरन की राह में बाधा बन सकती है। केंद्र सरकार को सुप्रीम कोर्ट की गठित समिति के सुझावों को गंभीरता से लेनी चाहिए और मणिपुर में स्थाई शांति का मार्ग प्रशस्त करना चाहिए। अभी सुरक्षा बलों की मौजूदगी से मणिपुर शांत लग रहा है, लेकिन अतिरिक्त सुरक्षा बलों के हटने के बाद भी शांति कैसे बनी रहेगी, इस मैकेनिज्म पर अमल आवश्यक है। चूंकि मणिपुर बीते तीन महीनों में कई बार हिंसा की आग में जल चुका है। इसमें अनेक घर तबाह हुए हैं, 50 हजार से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं और करीब 160 से अधिक लोगों की जान गई है। वहां दो महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने की घटना हुई, जिससे समूचा देश शर्मसार हुआ। मणिपुर हिंसा और महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती दिखाई थी। गत 7 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने पीड़ितों को राहत और पुनर्वास और उन्हें मुआवजे की निगरानी के लिए हाईकोर्ट की 3 पूर्व महिला जजों की एक कमेटी गठित करने का आदेश दिया, इसके अलावा महाराष्ट्र के पूर्व पुलिस प्रमुख दत्तात्रेय पडसलगीकर को आपराधिक मामलों की जांच की निगरानी करने के लिए कहा था। कोर्ट ने कहा था कि कमेटी सीधे रिपोर्ट पेश करेगी। बेंच ने कहा था कि कमेटी की अध्यक्षता जम्मू कश्मीर हाईकोर्ट की सेवानिवृत्त चीफ जस्टिस गीता मित्तल करेंगी, जबकि कमेटी में बॉम्बे हाईकोर्ट की रिटायर जस्टिस शालिनी पी जोशी और दिल्ली हाईकोर्ट की पूर्व जज आशा मेनन शामिल होंगी। न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) गीता मित्तल की अगुवाई वाली कमेटी ने दस्तावेजों के नुकसान और राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण नीति की तर्ज पर मणिपुर मुआवजा योजना को अपग्रेड करने की जरूरत जैसे मुद्दों पर तीन रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को दी हैं। इनमें कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए हैं। कहा गया है कि मणिपुर हिंसा के पीड़ितों के आवश्यक दस्तावेजों को फिर से जारी करने की जरूरत है। कमेटी ने हिंसा की वजह से जल गई बस्तियों को बड़ी समस्या बताया है। इन इलाकों की पहचान के लिए क्षतिग्रस्त और झुलसे हुए गांवों की जीपीएस मैपिंग से सहायता का सुझाव दिया गया है। मुआवजा बढ़ाने का सुझाव भी दिया है। कि शिविरों में रह रहे विस्थापित छात्रों को अन्य राज्यों के संस्थानों में भी इसी तरह समायोजित किया जा सकता है। इसके लिए केंद्र सरकार की ओर से समुचित सहायता मिलनी जरूरी है। कमेटी ने सुझाया है कि पुनर्वास के उपायों से यह सुनिश्चित होना चाहिए कि विस्थापित व्यक्तियों का पुनर्वास उन्हीं मूल स्थानों पर किया जाए जहां से वे विस्थापित हुए थे समिति के सुझावों को सुविधाजनक बनाने के लिए सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को आदेश पारित करेगा। सीबीआई मणिपुर हिंसा मामलों की जांच कर रही है। अभी जरूरत शांति बहाली की है, इसके लिए सभी संबंधित एजेंसियों की सलाह से उपायों पर अमल किया जाना चाहिए। पीड़ितों को राहत के साथ समुदायों के बीच विश्वास बहाली जरूरी है। सरकार को इस तरफ खास ध्यान देना चाहिए। दस याचिकाओं की सुनवाई कर रही शीर्ष अदालत के आदेश पर नजर रहेगी।

# छत्तीसगढ़ क्यों बना है मॉडल?



जन्मदिन विशेष
रुचिर गर्ग


पांच बरस पहले जब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने काम की शुरुआत ही की थी उनकी दृष्टि में छत्तीसगढ़ की जरूरतें साफ थीं। सरकार बनने के बाद जब जिस दिन पहले हरेली के त्योहार पर भूपेश बघेल गेड़ी पर चढ़ते हैं और थोड़ी ही देर में पूरे छत्तीसगढ़ में गेड़ी और भौंरे का संगीत सुनाई देने लगता है उस दिन प्रेक्षकों को यह नजर आ रहा था कि छत्तीसगढ़ नई करवट ले रहा है। स्थानीय त्योहारों पर छुट्टियां और उन अवसरों पर राज्य के गांवों, गलियों, मोहल्लों में उत्साह इस रंग को गहरा करता गया।

उसी समय से यह भी साफ होता चला था कि छत्तीसगढ़ को लेकर भूपेश जी की समझ में सिर्फ मैदानी अनुभव नहीं हैं, सिर्फ मिट्टी की खुशबू नहीं है, सिर्फ संस्कृति के रंग नहीं बल्कि इस मिट्टी को हर तरह से उपजाऊ बनाने की एक साफ मानवीय दृष्टि है। बिना किसी भ्रम के।

भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ में विकास की जिस कल्पना को अमल में लाने की तैयारी कर रहे थे उसमें वो छत्तीसगढ़ था जिसे गरीब और अत्यंत पिछड़ा ही कहा गया था। लड़ाई लंबी थी क्योंकि बुनियाद हिली हुई मिली थी। बहुत पुराने अतीत में न भी जाएं तो भाजपा शासित छत्तीसगढ़ के पंद्रह बरस ही एक ऐसे विकास के गवाह थे जहां स्काईवॉक जैसे निर्माणों की चमक थी लेकिन बुनियादी परिवर्तन नहीं।

उस दौर के शासन में जिस तत्व का अभाव था वह तत्व था जनता की वास्तविक जरूरतों का आंकलन और छत्तीसगढ़ियत का, वह तत्व था छत्तीसगढ़ के स्वाभिमान का, वह इस भूभाग की उस पुकार को अनसुना करना था जिसमें सिर्फ एक अलग राज्य की मांग नहीं थी बल्कि एक ऐसे राज्य की कामना थी जहां पहचान पर कोई संकट ना हो, जहां पहचान एक भरोसे और स्वाभिमान के साथ हो।

भूपेश बघेल के लिए इस परिवर्तन की जरूरत सिर्फ राजनीतिक और आर्थिक नहीं बल्कि एक सामाजिक लक्ष्य था। यह लक्ष्य इस मिट्टी की अस्मिता के एहसास का था। दरअसल यह कहानी अपनी पहचान से शुरू होती है और एक तरफ केंद्र की भाजपा सरकार थी जो अपना दूसरा कार्यकाल पूरा होते-होते साफ विभाजनकारी एजेंडा के साथ सामने है, दूसरी तरफ भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार है जिसने विभाजन की तमाम रेखाओं से परे उन मुद्दों को स्पर्श किया जो इस राज्य को, इस मिट्टी को ताकत देने वाले थे। पिछले पांच बरस इस बात के गवाह हैं कि छत्तीसगढ़ियत जिस विविधता के साथ बलरामपुर से सुकमा और राजनांदगांव से लेकर महासमुंद तक अस्तित्व में है उस विविधता को कभी नजरंदाज नहीं किया गया बल्कि उसे संबोधित किया गया क्योंकि लक्ष्य साफ था।



यह गवर्नेंस का एक ऐसा प्रयोग है जो आज देश के सामने एक मॉडल बना है। इसे कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने न्याय कहा और भूपेश बघेल ने न्याय के साथ स्वाभिमान जोड़ा और आज यह शासन का एक मॉडल है। राजनीतिक, आर्थिक मोर्चे पर इसकी शुरुआत बस्तर के लोहंडीगुड़ा में आदिवासियों की जमीन वापसी और छत्तीसगढ़ के किसानों की कर्ज माफी से होती है। फिर देश में सबसे अधिक समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी का फैसला होता है।

जब केंद्र की मोदी सरकार छत्तीसगढ़ के किसानों को बोनस की राह में रोड़ा अटकाती है तो मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजीव गांधी न्याय योजना लेकर आते हैं। गौठान और गोबर खरीदी इसी दिशा में अगला कदम होता है।लघु वनोपजों के लिए समर्थन मूल्य से लेकर खरीदी जाने वाली वनोपजों की संख्या सात से सीधे सड़सठ करना, बिजली के बिल में बड़ी रियायत देना, डीएमएफ के लिए एक ऐसी नीति बनाना जिसमें स्विमिंग पूल जैसे निर्माणों की गुंजाइश खत्म करते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य पर खर्च को केंद्र में रखा गया।

सिर्फ किसानों, पशुपालकों की जेब में सीधे पैसा डालने के बजाए उन लोगों को भी पैसा दिया गया जो इन क्षेत्रों में परोक्ष रूप से जुड़े थे। भूमिहीन कृषि मजदूरों के लिए न्याय योजना लागू करना, कोदो-कुटकी-रागी जैसे मिलेट उगाने वाले किसान से उनकी उपज समर्थन मूल्य पर खरीदना, दलहन तिलहन की खरीदी से लेकर गन्ना, चना, सोयाबीन के समर्थन मूल्य का दाम बढ़ाना जैसे निर्णय भी लिए गए। इतना ही नहीं, तेंदूपत्ता तोड़ने वाले आदिवासियों को पारिश्रमिक दिलाना, जिनके पास जमीनें नहीं थीं उन्हें वनाधिकार पट्टे जारी कर उनकी खेती के संसाधन तैयार करना, सबसे भूमिहीन आदिवासियों और विशेष पिछड़ी जनजातियों को शासकीय भूमि या वनाधिकार पट्टे की जमीन देकर उन्हें सामूहिक खेती से जोड़ने जैसे काम किये गए जिससे कम आमदनी वाले वर्ग भी गरीबी रेखा से ऊपर उठ सकें।

इन तमाम योजनाओं के आंकड़े अलग हैं लेकिन इनका असर अब नीति आयोग की रिपोर्ट में नजर आता है।पिछले पांच वर्षों में इस राज्य के चालीस लाख लोग अगर गरीबी रेखा से बाहर आते हैं तो यह इस बात का प्रमाण है कि पैसा सीधे गरीब की जेब में पहुंचा और उत्पादकता में गरीब की हिस्सेदारी बढ़ी।

कोरोना के समय ही छत्तीसगढ़ सरकार के विकास की दिशा की ताकत तब नजर आने लगी थी जब हजारों किलोमीटर पैदल चलकर अपने राज्य, अपने गांव लौटे श्रमिकों के पास काम था, जब देश की हालत से अलग छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था डगमगाई नहीं थी,जब छत्तीसगढ़ में बाजार का उत्साह बना हुआ था। सबसे महत्वपूर्ण था बेरोजगारी का मोर्चा। जब देश में बेरोजगारी चार दशकों में सबसे निचले स्तर पर थी तब छत्तीसगढ़ देश के सबसे कम बेरोजगारों वाले राज्यों में ऊपर था। स्वतंत्रत एजेंसियों के आंकड़े इन कहानियों से भरे पड़े हैं,लेकिन यहां बात आंकड़ों से परे एक राजनीतिक, सामाजिक दिशा की है।

दरअसल ये योजनाएं गिनने-गिनाने का मामला नहीं है। ये एक स्पष्ट राजनीति थी जिसके केंद्र में छत्तीसगढ़ की अस्मिता थी। छत्तीसगढ़ की आकांक्षाएं थीं और इन आकांक्षाओं में केवल सांस्कृतिक उद्धार शामिल नहीं था बल्कि आर्थिक मुद्दे भी उतने ही महत्वपूर्ण थे। इन आकांक्षाओं में राज्य की गरीबी और बेरोजगारी को संबोधित करने की चाह थी। इन आकांक्षाओं में छत्तीसगढ़ियत थी। इन आकांक्षाओं में सत्ताधीशों की प्लेट से काजू किशमिश को बाहर कर ठेठरी खुरमी को प्रतिष्ठित करने की कामना थी।

भूपेश बघेल एक तरफ मानवीय आर्थिक जरूरतों को महसूस करते थे दूसरी तरफ उनमें छत्तीसगढ़ियत के प्रतीकों को प्रतिष्ठित करने की ललक थी। ये ऐसे प्रतीक थे जो अब छत्तीसगढ़ की उस कथित मुख्यधारा में महत्व पाने लगे हैं जिनमें राजनीति है, नौकरशाही है, मीडिया है। छत्तीसगढ़ का अपना राजकीय गान अब क्षेत्रीय अस्मिता का महत्वपूर्ण प्रतीक है। जब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रायपुर की आमसभा में छत्तीसगढी में छत्तीसगढ़ महतारी को नमन करते हैं तब यह समझ आता है कि उन्हें भी यह समझ आ गया है कि छत्तीसगढ़ में जनाकांक्षाएं उसकी अपनी अस्मिता के कितना इर्दगिर्द हैं और पिछले पांच वर्षों में यह कैसे हुआ !

सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक मोर्चों के साथ-साथ आर्थिक मोर्चे पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जिस रणनीति को अपनाया उसका लक्ष्य था गरीबों की जेब में सीधे पैसा पहुंचाना। दुनिया भर के अर्थशास्त्री संकट के समय इसी रणनीति के पक्षधर थे। इसी रणनीति ने राज्य के गरीबों को बड़ी ताकत दी। उनके जीवन स्तर में बदलाव का कारण यह रणनीति बनी। यहां रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के पूर्व गवर्नर से लेकर नोबेल पुरुस्कार प्राप्त अर्थशास्त्रियों को उद्धृत किया जा सकता है। ऐसे तमाम लोगों की अकादमिक सिफारिशों को छत्तीसगढ़ व्यवहार में उतरता देख रहा था, एक मुख्यमंत्री के जमीनी अनुभव के साथ इस मिट्टी और इसकी अस्मिता की साफ समझ से। मिट्टी का अभिमान और जीवन स्तर में बदलाव की आर्थिक नीतियों से मिलकर बना यह एक मॉडल है।

इस मॉडल में उन्माद नहीं है, नफरत नहीं है, विभाजन नहीं है, इसमें अपनत्व की खुशबू है, संगीत है, स्वाद है, बेहतरी की आकांक्षा है। छत्तीसगढ़ में अब और आने वाले समय में भी शासन की इबारत यही होगी इतना तो तय हो गया है। हालांकि यह आसान नहीं है क्योंकि यह बहुत सारी प्रतिबद्धताओं और संवेदनाओं के साथ ही संभव है। चुनौती यह हमेशा होगी कि इस मॉडल ने जिंदगियां बदलने के जो पैमाने गढ़े हैं वो और बेहतर हों, जनता को अधिकार संपन्न बनाने वाले हों, एकता और सद्भाव की छत्तीसगढ़ी विरासत को उसी संपन्नता के साथ आगे ले जाने वाले हों और सबसे महत्वपूर्ण लोकतंत्र पर मंडरा रहे तमाम खतरों के बीच अधिक से अधिक लोकतांत्रिक हों। भूपेश जी छत्तीसगढ़ की इस नब्ज़ को पहचानते हैं।

## शरणागति के संत 'गोस्वामी तुलसीदास'



संकलित
दर्शन

भगवान शंकर जी ने भी विष पिया और गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी। दोनों ने समाज को रामकथामृत देकर धन्य कर दिया। संसार में और समुद्र में अमृत-मंथन करने पर विष अवश्य निकलेगा, पर उसमें राम को जोड़ दिया तो वह विष भी अमृत हो जाएगा। यही तुलसीदास जी ने किया : *गरल सुधा रिपु करहिं मिताई, गोपद सिंधु अनल सित लाई। गरुड़ सुमेरु रेनु सम ताही, राम कृपा करि चितवा जाही।।* राम नाम के प्रति गोस्वामी जी की आस्था तो सावन मास के अंधे की तरह थी, जिन्हें राम प्रेम में सब हरा ही हरा दिखाई देता था। राम की कृपा के प्रति गोस्वामी तुलसीदास जी की यह जो दीनता और शरणागति है, यही उनका चरम पुरुषार्थ है। कृपा के मूल में पुरुषार्थ नहीं होता है, अपितु पुरुषार्थ के मूल में कृपा होती है। रामचरितमानस कृपासाध्य ग्रंथ है, साधन साध्य नहीं। कर्म, उपासना, साधन, अनुष्ठानादि सब ठीक हैं, पर यह सब पाने के साधन हैं, किंतु जिसके जीवन में प्राप्तव्य ही कृपा से प्राप्त हुआ हो, वह क्या करे? रामचरितमानस में पुरुषार्थ के चरम आदर्श श्री लक्ष्मण जी और कृपा के चरम आदर्श श्री भरत जी दोनों के आदर्श और सर्वस्व श्रीराम हैं। इसका तात्पर्य यह है कि गोस्वामी तुलसीदास जी ने वाल्मीकि जी, व्यास जी और जितने भी श्रेष्ठतम पुराणकार हुए सबकी वंदना की है, पर उन्होंने अपने ग्रंथ में न तो इतिहास को उठाया, न किसी ग्रंथ से कुछ लिया। इसीलिए श्रीरामचरितमानस भक्तों के हृदय सिंहासन पर विराजमान हो सका।

## ज्यादा महत्वपूर्ण है काम करते रहना



संकलित
प्रेरणा

एक प्राचीन कथा के मुताबिक, ब्रह्मा और विष्णु ने शिवलिंग के मस्तक और पैरों की खोज शुरू की। ब्रह्मा को शिव का मस्तक ढूंढने का और विष्णु को शिव के पैर ढूंढने का कार्य सौंपा गया। सभी देवता इसके आरंभ और अंत के विषय में जानने के लिए उत्सुक थे। ब्रह्मा ने अपनी यात्रा आरंभ की और वे आगे बढ़ते गए। कई लोक पीछे छूट गए और कई युग बीत गए। फिर भी ब्रह्मा शिव के मस्तक का पता नहीं लगा पाए। सृष्टि का एक अंत है। सृजन एक बिंदु पर समाप्त होता है। ब्रह्मा ने अपनी यात्रा उसके बाद भी जारी रखी। उन्होंने एक केतकी का पुष्प देखा जो आकाश से नीचे आ रहा था। ब्रह्मा ने केतकी पुष्प से पूछा, 'तुम कहां से आ रहे हो? क्या तुमने शिव का मस्तक देखा है? यहां से शिव का मस्तक कितनी दूर है?'केतकी पुष्प ने कहा, 'मैं शिव के मस्तक से आ रहा हूं।' तो ब्रह्मा ने निष्कर्ष निकाला कि शिव का एक मस्तक था और वे पुष्प लेकर नीचे आए। विष्णु का कार्य शिव के पैरों की खोज करना था। ऐसा कहा जाता है कि विष्णु बहुत विनम्र हैं। पालनकर्ता को हमेशा बहुत विनम्र होना चाहिए। रचयिता जैसा भी हो, यदि पालनकर्ता विनम्र हो, तभी पालन कार्य संभव है। व्यवसाय आरंभ करना कोई बड़ी बात नहीं है, लेकिन आपको व्यवसाय चलाने के लिए बहुत सतर्क, बहुत विनम्र रहना पड़ेगा, अन्यथा व्यापार डूब जाएगा। विष्णु की विनम्रता ने ही उन्हें शिव के चरणों को ढूंढने का कार्य करने योग्य बनाया। युगों तक यात्रा करने के बाद, विष्णु शिव के चरणों को ढूंढने में सक्षम नहीं हुए।

## सारा संसार



भगवान विष्णु को समर्पित और 108 दिव्य देसमों में से एक, उलगलांथर पेरुमल मंदिर, तमिलनाडु के कांचीपुरम शहर में कामाक्षी अम्मन मंदिर के बहुत पास स्थित है। मंदिर महान ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व रखता है और दुनिया भर के अनुयायी इस मंदिर के दर्शन करने के लिए आते हैं।

तुलसीदास जयंती
डॉ सूर्यकांत मिश्र



# रामबोला से तुलसीदास तक का लंबा सफर

तकलीफों और कठिनाइयों से भी कोई महान बन सकता है, इसका सबसे बड़ा प्रमाण गोस्वामी तुलसीदास के जीवन चरित्र से प्राप्त होता है। तुलसीदास ने अपने जीवन में कई उतार-चढ़ाव देखे। उनके जीवन के संघर्ष ने ही उन्हें भगवान राम का भक्त बना दिया और आगे संत तुलसीदास बना दिया। बचपन में रामबोला के नाम से पहचाने जाने वाले तुलसीदास का संत बनना हिंदू और सनातन धर्म के अनुयायियों के लिए वरदान बन गया। इस वर्ष अधिक मास होने से द्वितीय श्रावण शुक्ल सप्तमी 23 अगस्त को उनकी जयंती मनाई जाएगी। तुलसीदास का जीवन भी एक साधारण मनुष्य की भांति ही चल रहा था। माताजी के जल्दी स्वर्ग सिधार जाने से वह अकेले हो गए। जब उनका विवाह हुआ तो वे पत्नी के प्रेम में डूब गए। उन्हें इस बात का एहसास भी नहीं हो पाया कि उनका पत्नी प्रेम कब आसक्ति बन गया! पत्नी के मायके चले जाने पर वे दुखी रहने लगे। पत्नी के बिना मन ना लगने से वे रात में बिना कुछ विचार किए उफनती यमुना नदी को पार करने एक सहारे पर बैठ गए। जब वे किनारे पहुंचे तब उन्हें ज्ञात हुआ कि वे जिस सहारे की बदौलत पार उतरे हैं वह एक शव है! नदी पार उतर कर जब वे अपनी ससुराल पहुंचे तब लाख प्रयास के बाद भी दरवाजा नहीं खुल पाया। पत्नी प्रेम के वशीभूत उन्होंने कक्ष में प्रवेश करने के लिए दीवार को लांघने का प्रयास शुरू किया। ऊंची दीवार को लांघने में वे कामयाब नहीं हो पा रहे थे। अचानक उन्हें दीवार पर एक रस्सी लटकी दिखी,जो खिड़की पर टंगी दिख रही थी। उन्होंने झट से उस रस्सी को पकड़ा और दीवार पार कर गए। पता चला कि जिसे वे रस्सी समझ रहे थे वह वास्तव में एक बड़ा सांप था! वे जैसे ही अपनी पत्नी के कक्ष में पहुंचे, उनकी पत्नी लोक-लाज के भय से कांप उठी। उन्होंने उस वक्त के राम बोल पर अपनी पीड़ा उड़ेल दी और लोक लाज वश उन्हें तिरस्कृत करते हुए कहा- 'लाज न आई आपको, दौरे आएहु नाथ,अस्ति चर्म मय देह यह, ता सो ऐसी प्रीत, नेकु जो होती राम से, तो काहे भवभीत।।' अर्थात मेरी हाड़-मांस कि देह से प्रेम के बजाय अगर राम से इतना प्रेम किया होता तो जीवन सुधर जाता! पत्नी द्वारा क्रोध में कही गई यही बातें थी, जिनके चलते रामबोला, तुलसीदास बनने के मार्ग में प्रशस्त हो चले। राम के नाम का अनवरत उच्चारण करने वाले तुलसीदास ने रामचरितमानस की रचना कर डाली। यूं तो उन्होंने अन्यान्य ग्रंथों की रचना की, किंतु रामचरितमानस ने उन्हें युगकालीन संत बनाकर दिया। गोस्वामी तुलसीदास जी ने आम जनों को विपत्ति से बचने बड़ी बात कही है - 'तुलसी साथी विपत्ति के , विद्या विनय विवेक, साहस, सुकृत, सुसत्य व्रत, राम भरोसो एक' अर्थात किसी विपत्ति के समय आपको सात गुण बचाएंगे- आपका ज्ञान, आपकी विनम्रता, आपकी बुद्धि, आपके भीतर का साहस, आपके अच्छे कर्म, सच बोलने की आदत और ईश्वर में विश्वास।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं ये उनके अपने विचार हैं।)

जन्मदिन विशेष
सुशील आनंद शुक्ला



# अपनी धुन के पक्के राजनेता भूपेश बघेल

23 अगस्त को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपना जन्मदिन मना रहे है इस वर्ष का उनका जन्मदिन इस लिहाज से भी खास हो जाता है कि अपने इस जन्मदिन के साथ ही वे मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल का 5 वर्ष भी पूरा करने वाले है। यह समय इस आंकलन के लिये भी सुअवसर है कि उनकी सरकार इन पांच वर्षो में जन आकांक्षाओ पर कितना खरा उतर पाई है। 5सालो मे 40 लाख लोगो को ग़रीबी रेखा से निकालने की उपलब्धि सरकार और उसके मुखिया की सफलताओं को बताने के लिए पर्याप्त है। मुख्यमंत्री के रूप में 5 वर्ष के कार्यकाल में भूपेश बघेल ने जो लोकप्रियता और राष्ट्रीय ख्याति हासिल की है ऐसा दूसरा उदाहरण विरला ही मिलेगा। भूपेश बघेल के व्यक्तित्व का ठोस पहलू उनकी जुझारू प्रवित्ति है जो लक्ष्य निर्धारित कर लिया फिर उससे पीछे हटने की उनकी तासीर नही है। उनकी सहजता और परिस्थितियो से निपटने का सकारात्मक नजरिया ही उनकी सफलता के सबसे बड़े कारण हैं।

2014 में जब उन्हें प्रदेश कांग्रेस की बागडोर सौपी गयी तब छत्तीसगढ़ में कांग्रेस तीन विधानसभा चुनाव हार चुकी थी। तीनो ही विधान सभा चुनाव कांग्रेस बहुत नजदीकी मुकाबले में लक्ष्य से चूकी थी ।2013 के विधान सभा चुनाव की हार पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए अप्रत्याशित थी। मई 2013 में जीरम नक्सल हमले में शीर्ष नेताओं की शहादत के 6 माह बाद हुए विधानसभा चुनावो की इस हार ने कांग्रेस कार्यकर्ताओ निराश और हताश कर दिया था ।प्रदेश अध्यक्ष के रूप में भूपेश बघेल को विरासत में इन्ही हताश निराश कार्यकर्ताओ की फौज मिली थी। अध्यक्ष बनने के बाद निराश कार्यकर्ताओ की फौज की ताकत को एक नई ऊर्जा में बदल कर लक्ष्य की ओर अग्रसर करना उनके सामने बड़ी चुनौती थी।

जुझारू प्रवृत्ति का नेता होने के कारण उन्हें यह भी भली भांति मालूम था कि कार्यकर्ताओ की ऊर्जा बनाये रखने के लिए यह आवश्यक है कि उनके साथ रोज नए मुद्दे ले कर मैदान में डटा रहा जाए। उनका कहना था भले ही हम चुनाव हार गए है लेकिन प्रदेश की जनता ने कांग्रेस पर उतना ही भरोसा जताया है जितना की सत्तारूढ़ भाजपा पर अतः जनहित की लड़ाई में जरा भी कोताही नही बरतना है, यही कारण था कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी सम्भालने के दस दिन के अंदर ही उन्होंने राशन कार्ड घोटाले के मुद्दे को ले कर पूरी कांग्रेस पार्टी को प्रदेश भर के थानों में ला खड़ा किया। कोई कल्पना भी नही कर सकता था कि कुछ महीने पहले तीसरी बार चुनाव हार चुका दल इतना भी आक्रमक हो सकता है।

अंतागढ़ उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी की खरीद फरोख्त के बाद भूपेश बघेल यह समझ गए थे कि बाहरी मोर्चे के साथ पार्टी के अंदर भी दोनों मोर्चो पर बराबरी की लड़ाई लड़ना है। उन्होंने अजीत जोगी और उनके पुत्र को



पार्टी से बाहर निकालने का जो निर्णय लिया वह राजनैतिक प्रेक्षकों के लिए आश्चर्य जनक था इस निर्णय के साथ राजनैतिक विश्लेषक भी दो मतों में बंट गए कुछ का कहना था जोगी को कांग्रेस से निकाल कर कांग्रेस ने अपने पैर में कुल्हाड़ी मार लिया दूसरा मत था जो मानता था कांग्रेस ने सत्ता प्राप्ति का अपना मार्ग प्रशस्त कर लिया।भूपेश बघेल का कहना था हमने तीन चुनाव उनके साथ लड़ा एक उनके बिना भी लड़ कर देख लेते है। ऐसा साहस भूपेश जैसे जिगर वाला नेता ही दिखा सकता था। दिसम्बर 2018 में मुख्यमंत्री बनने के तीन घण्टे के अंदर किसानों का कर्ज माफ करने और 2500 रु. में धान खरीदी का निर्णय ले कर भपेश बघेल ने साफ संकेत दे दिया था कि उनकी सरकार की प्राथमिकता में खेती ,गांव गरीब और किसान रहने वाले है।

कुशल प्रशासक के नाते उन्होंने राज्य के चहुमुखी विकास की ओर ध्यान दिया ।सरकार की योजनाओं के केन्द्र में भले ही किसान और गांव हो लेकिन राज्य की औद्योगिक और व्यापारिक प्रगति में किसी भी प्रकार की बाधाएं नही आये इसके लिये उन्होने पूरे इंतजाम किए ।उद्योगों की जमीन फ्री होल्ड करने के साथ उद्योगों को बिजली पानी की उपलब्धता के साथ फूड और खाद्य पदार्थ आधारित उद्योगों के लिए विशेष योजनाएं बनवाया । 5 डिसमिल तक जमीनों की बन्द रजिस्ट्री को शुरू करना , भूमि की कलेक्टर गाइड लाइन में कमी ,जमीनों के डायवर्सन के नियमो में ढिलाई देने के लिए भूपेश बघेल जैसी ही समग्र दृष्टि चाहिए। पौने 5 साल की सरकार में अपने घोषणा पत्र के 36 में 95 प्रतिशत वायदे पूरा कर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपनी वायदों को पूरा करने की वचन बद्धता को दिखाया है। 700 से अधिक स्वामी आत्मानंद स्कूल भूपेश बघेल की सुदृढ़ मजबूत शिक्षित छत्तीसगढ़ बनाने की इच्छाशक्ति का ही नतीजा है।

नरवा गरवा घुरवा बाड़ी के बाद राजीव गांधी किसान न्याय योजना तथा गौ धन न्याय योजना मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की समग्र ग्राम्य विकास की सोच को प्रदर्शित करता है।

वे कहते है पिछली सरकार के विकास के मायने बड़ी बड़ी अट्टालिकाएं बनाना था हमारे विकास के केंद्र में आम आदमी का शशक्ति करण है ।बड़े बड़े भवन बना कर आप विकास का दिखावा तो कर सकते है लेकिन जब तक हम आम आदमी को शसक्तीकरण नही करेंगे उनके रोजगार की दिशा में ध्यान नही देगे सही मायने में हम विकास से दूर रहेंगे यही कारण है छत्तीसगढ़ सरकार ने तेंदूपत्ता संग्राहकों का मानदेय 2500 से बढ़ा कर 4000 रु कर दिया। 65 लघुवनोपज को न्यूनतम समर्थन मूल्य में खरीदने की शुरुआत की गई ।केंद्र सरकार के लाख अवरोध के बाद के धान उत्पादक किसानों को 2500 रु मूल्य मिले इसके लिए योजना बनाया गया।राज्य बहुफसली कृषि की ओर बढ़े इस हेतू राजीव गांधी न्याय योजना में मक्का ,गन्ना ,दलहन उत्पादक किसानों के साथ सीमांत और भूमि हीन किसानों की सशकक्तीकरण पर जोर दिया गया। गो धन न्याय योजना में गोबर खरीदने की जो अभिनव योजना उन्होंने शुरू की तब वैचारिक रूप से कांग्रेस के चिर विरोधी रास्ट्रीय स्वयम सेवक संघ के पदाधिकारी भी इसकी तारीफ करने से खुद को रोक नही पाए मुख्यमंत्री निवास उनका अभिनन्दन करने पहुच गए। धमतरी के कंडेल से गांधी जी की याद में पद यात्रा निकाल कर उन्होंने स्पष्ट सन्देश दिया कि उनकी सरकार गांधी जी के आदर्शों पर चलने वाली है ।नरवा गरवा घुरवा बाड़ी उन्होंने अपने घोषणा पत्र में शामिल किया था तब भी विपक्षी उनके इस योजना के निहितार्थ को नही समझ पाए थे ।जब उन्होंने गो धन न्याय योजना शुरू की तब आरएसएस जैसा घोर कांग्रेस विरोधी संगठन भी यह समझ गया कि भूपेश बघेल ने महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज को साकार करने को जो बीड़ा उठाया है इसकी सफलता में सन्देह की कोई गुंजाइश नही ।

श्री राम वन गमन मार्ग संरक्षण से ले कर कौशल्या माता मंदिर के सौंदर्यीकरण ,के साथ छत्तीसगढ़ी तीज त्योहारों को मुख्यमंत्री निवास में मनाने की परंपरा शुरू कर भूपेश बघेल ने साबित कर दिया कि उनका अपनी संस्कृति और माटी से कितना नजदीकी जुड़ाव है तथा एक राजनेता के नाते वे जन समुदाय की नब्ज टटोलना वे बेहतर जानते है। 2019 के लोकसभा चुनावों में और उसके पहले 2018 के विधानसभा चुनावों राहुल गांधी ने अनेको जन सभाओ में जनता के सामने कांग्रेस की सरकारों का जो विजन प्रस्तुत किया था भूपेश बघेल उस विजन को साकार रूप देने में पूरी तन्मयता से जुटे हुए है,2019 में केंद्र में कांग्रेस की सरकार नही बनने से राहुल जिस न्याय योजना को देश मे नही लागू करवा पाए भूपेश बघेल उस न्याय योजना को विभिन्न स्वरूपो में छत्तीसगढ़ में लागू करने में सफल रहे हैं।

*(लेखक प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रमुख हैं)*

## ट्रेंड

### वैकल्पिक उर्वरक को बढ़ावा



कृषि मंत्रियों के साथ राज्यों में नैनो यूरिया व नैनो डीएपी के उपयोग को बढ़ाने के पीएम मोदी द्वारा मिट्टी की सुरक्षा व वैकल्पिक उर्वरक के उपयोग को बढ़ावा देने हेतु शुरू की गई पीएम प्रनाम योजना के संदर्भ में उठाए जा रहे कदमों की भी समीक्षा की।
-मनसुख मंडाविया, केंद्रीय मंत्री

### दिव्यांग महिलाओं की रक्षा




दिव्यांग महिलाओं और लड़कियों को हिंसा का अधिक खतरा होता है- विशेषकर संघर्षों और संकटों के दौरान। हम दिव्यांग महिलाओं और लड़कियों को हिंसा से मुक्त रहने का अधिकार सुनिश्चित करने के लिए काम करना कभी बंद नहीं करेंगे।
-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### काम नहीं रुकने देंगे



इन लोगों ने दिल्ली वालों के काम रोकने की कोशिश की, लेकिन मैं हर दिल्लीवासी को ये भरोसा दिलाता हूं कि कोई काम रुकने नहीं दूंगा। 5 नए मोहल्ला क्लीनिक की शुरुआत की। लोगों को मोहल्ला क्लीनिक से बहुत फ़ायदा मिलता है।
-अरविंद केजरीवाल, सीएम दिल्ली

### क्या छुपाने की कोशिश



मैं पीड़िता बच्ची या उसके परिवार से मिलने के लिए अस्पताल के बाहर बैठी हूँ। रात को अस्पताल के बाहर ही सोई। एनसीपीसीआर को लड़की की मां से मिलवा सकते हैं तो मुझे क्यों रोकने के लिए बोला गया है? क्या छुपाने की कोशिश है?
-स्वाति मालीवाल, अध्यक्ष डीसीडब्ल्यू




गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## लूट और हत्या की प्लानिंग करते 7 आरोपी गिरफ्तार, भारी मात्रा में हथियारों का जखीरा जब्त



सितारा न्यूज नेटवर्क

**सीकर** । पुलिस अधीक्षक परिस देशमुख के निर्देश पर जीणमाताजी थाना पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है । पुलिस ने अशोक सांसी उर्फ टोनी समेत उसकी गैंग के 7 गुर्गों को धर दबोचा लिया। दांतारामगढ़ सीओ जाकिर अख्तर और जीणमाताजी एसएचओ रिया चौधरी ने लूट, डकैती और हत्या की प्लानिंग करते समय कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने बदमाशों से 5 हथियारों समेत 25 कारतूस और लोहे की संबल, लोहे की पाइप और मिर्च पाउडर भी किया जप्त है। बदमाश पहाड़ी के नीचे जंगल में दूसरे गैंग के गुर्गे सुभाष गुर्जर की हत्या और उसकी कैंपर गाड़ी को लूटने की प्लानिंग कर रहे थे। अशोक सांसी अपने भाई रोशन लाल की हत्या का बदला लेने और सुभाष गुर्जर के प्रेम विवाह से खफा होकर उसकी हत्या करना चाहते थे। इसके बाद अवैध खनन के जरिए अरावली पर्वतमाला पर अपना आधिपत्य जमाना चाह रहे थे। साथ ही अवैध खनन से मिले पैसों से गैंग हथियार और कारतूस खरीद रही थी। इस संपूर्ण कार्रवाई में रमेश और प्रेम कुमार की अहम भूमिका रही। वहीं आरोपियों के खिलाफ करीब दो दर्जन मुकदमे दर्ज.है। गौरतलब है कि आईपीएस परिस देशमुख श्रीगंगानगर एसपी रहते हुए 'ऑपरेशन सीमा' आभियान चलाकर मादक पदार्थ तस्करों की कमर तोड़ी थी और अब कुछ दिन पहले ही सीकर एसपी का पद संभालते ही शेखावाटी में अपराधिक गैंग्स पर शिकंजा कसने की तैयारी में जुटे गए ।

## कांग्रेस नेता सीताराम बिन्दा ने विधायक के लिए आवेदन किया





सितारा न्यूज नेटवर्क

**नागौर**। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार पीसीसी सचिव रणधीर सिंह चिड़ावा के मुख्य आतिथ्य एवं डेगाना ब्लॉक अध्यक्ष रूघाराम महियाँ और भैरूंदा ब्लॉक अध्यक्ष भिंयाराम पेड़ीवाल की संयुक्त अध्यक्षता में दुर्गा मैरिज गार्डन में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में पार्टी निदेर्शानुसार डेगाना विधानसभा से कांग्रेस पार्टी से टिकट के लिए कांग्रेस नेता सीताराम बिन्दा ने आवेदन किया। इस मौके पर मोइनुद्दीन लोहार अध्यक्ष युवा कांग्रेस, जीवणराम बिजारणियां , मुकेश गोदारा, खैराज वालमीकी ,समीर कुरैशी बजरंग सहित अनेक काग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## परिष्कार कॉलेज के नए टेक्निकल कोर्सेज से आएगी नई क्रांति: प्रो. बीएम शर्मा

*सेमीकंडक्टर, नेनो साइंस, डेटा साइंस और हर्बल साइंस जैसे पाठ्यक्रम से आएगी नई क्रांति*



सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।(विनोद धायल)** राजस्थान लोक सेवा आयोग के पूर्व चेयरमैन प्रो. बीएम शर्मा का कहना है कि आज इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी का युग है। स्टूडेंट्स को केवल प्रशासनिक सेवाओं के भरोसे नहीं रहना चाहिए। निजी क्षेत्र में कार्य करके भी बुलंदियों को छुआ जा सकता है। मंगलवार 22 अगस्त को प्रो. शर्मा जयपुर के मानसरोवर स्थित परिष्कार कॉलेज ऑफ ग्लोबल एक्सीलेंस द्वारा आयोजित ओरियेंटेशन कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कई नौजवान आईएएस और आरएएस भर्ती परीक्षाओं की तैयारियों में कई साल गुजार देते हैं। सलेक्शन नहीं होने पर उनका मनोबल कमजोर होता है।

प्रो. शर्मा ने कहा कि टेक्नोलॉजी के जमाने में निराश होने की नहीं बल्कि समय का सदुपयोग करने की है। परिष्कार कॉलेज के ऑटोनोमस होने पर शुरू किए गए टेक्निकल कोर्स के बारे में प्रो. शर्मा ने कहा कि सेमीकंडक्टर, नेनो साइंस, डेटा साइंस और हर्बल साइंस जैसे पाठ्यक्रम विद्यार्थियों के साथ समाज में नए बदलाव लाया जा सकता है। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कॉलेज के निदेशक डॉ. राघव प्रकाश ने कहा कि ऑटोनोमस स्टेटस के जरिए कॉलेज में कई नए कोर्सेज चालू किए हैं। इनके कोर्स में स्टूडेंट्स को केवल पुस्तक ज्ञान नहीं बल्कि व्यवहारिक ज्ञान के जरिए उनकी क्षमताओं को विकसित किया जाएगा ताकि स्टूडेंट्स स्वयं को जॉब के लिए तैयार कर सके।

### ब्लॉक स्तरीय राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों का समापन

# खेलों में ग्रामीण प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करने में जुटी है गहलोत सरकार : जोगिंदर सिंह अवाना





सितारा न्यूज नेटवर्क

**विधायक अवाना ने की घोषणा**

**नदबई**। राजस्थान प्रदेश में राजीव गांधी ग्रामीण एवं शहरी ओलंपिक खेल 2023 का आयोजन चल रहा है उसी के अंतर्गत मंगलवार को नदबई में ब्लॉक स्तरीय राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल प्रतियोगिता का समापन हुआ प्रतियोगिता के समापन की घोषणा देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष व नदबई विधायक जोगिंदर सिंह अवाना ने नदबई के महात्मा गांधी अंग्रेजी विद्यालय से की विधायक के पहुँचने पर एनसीसी क्रेडिट द्वारा मार्च पास्ट कर विधायक को समारोह स्थल तक लगाया गया वही सीबीईओ मुकुट सिंह और ुङ्क सुरेश भातरा ने विधायक को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया विधायक ने ज्ञान की देवी सरस्वती मां की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया इसके बाद विधायक अवाना ने ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता के समापन की घोषणा कर खेल प्रतियोगिता का ध्वजा उतारा इस खेल प्रतियोगिता में पूरे नदबई ब्लॉक में कुल 7 मैचों का आयोजन हुआ था जिसमें 1703 महिला एवं पुरुष खिलाडियों ने भाग लिया जिसमें 1310 पुरुष और 393 महिलाओ ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया जिसमें पूरे नदबई ब्लॉक में ग्रामीण परिवेश में पुरुषों ने टेनिस क्रिकेट में बछामदी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वही फुटबॉल में कबई ने शूटिंग वॉलीबॉल में गगवाना ने वॉलीबॉल में रायसीस ने और कबड्डी में खेरीदेवी सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया इसी प्रकार महिला खिलाडियों में खो- खो में पिपरऊ ने रस्साकसी में न्यौठा ने टेनिसबॉल क्रिकेट में झारकई ने कबड्डी में गांगरौली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया विधायक ने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लाने वाले सभी 107 खिलाड़ियों को मैडल देकर प्रमाण पत्र दिये और समापन समारोह में मौजूद खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ साथ खेलो का भी बढ़ा महत्व है पहला सुख निरोगी काया होता है और हमें अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेलों में भाग लेते रहना चाहिए प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री महोदय ने खेलों को ज्यादा महत्व देते हुए पूरे प्रदेश में ओलंपिक खेलों का आयोजन किया गया है जिससे ग्रामीण परिवेश में छुपी खेलों की प्रतिभाओं को खेलों के मैदान में ले जाने के लिए इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है आज यह प्रतियोगिता ब्लॉक स्तर पर समापन हो चुकी है और इसमें प्रथम आए खिलाड़ियों को अब जिला स्तर प्रतियोगिता में भाग लेना है राज्य सरकार ने खिलाड़ियों के लिए बहुत सी जन कल्याणकारी योजना चला रखी है जिसके अंतर्गत खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर सीधे सरकारी नौकरी के अवसर पा सकते हैं वहीं विधायक ने सभी प्रतिभावान खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की इस मौके पर ुङ्क मुकुट सिंह, विकास अधिकारी सौदान सिंह, ुङ्क सुरेश भातरा, नदबई ब्लॉक काँग्रेस अध्यक्ष हरस्वरूप शर्मा, मंडी व्यापार मंडल अध्यक्ष शिवदयाल गोयल, दिलीप सिनसिनवार, प.प.स. शिशपाल,राजेंद्र सरपंच,हरभान सरपंच सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ी मौजूद रहे।

## आकाश बायजू का नवाचार-जितने चयन उतने वृक्ष






सितारा न्यूज नेटवर्क।

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर**। परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश बायजूस ने 2023 में अपने उत्कृष्ट परिणामों का जश्न मनाने के लिए बीकानेर में वृक्षारोपण अभियान चलाया। आकाश बायजू के बीकानेर ब्रांच मैनेजर दिग्विजय सिंह जोधा के निर्देशन में बीएसएफ परिसर स्थित पीएसआरटीए गोल्फ कोर्स में 189 पेड़ लगाए। इस अवसर पर जोधा ने बताया कि बीकानेर ब्रांच के 189 विद्यार्थियों का चयन एनईईटी, जेईई (मुख्य) और जेईई एडवांस 2023 में हुआ है। इसलिए आज आकाश की इस उपलब्धि का उत्सव जितने चयन उतने वृक्ष लगाकर मनाया जा रहा है।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुष्पेंद्र सिंह राठौड़, डीआइजी बीएसएफ ने आकाश के इस नवाचार की सराहना की साथ ही विद्यार्थियों को और अधिक उत्साह के साथ कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ सहित आकाश बायजू के क्षेत्रीय निदेशक परमेश्वर झा, कंपनी के अन्य अधिकारी और आकाश के विद्यार्थियों ने वृक्षारोपण किया। वक्ताओं ने छात्रों को प्रकृति और पर्यावरण के महत्व के बारे में जानकारी दी। साथ ही सतत विकास का महत्व और पर्यावरण के संरक्षण सम्बंधित जानकारियां दी गई। सभी विद्यार्थियों ने इस वृक्षारोपण उत्सव में बड़े उत्साह से भाग लिया।

## पर्यावरण जन चेतना यात्रा का बीकानेर में समापन






सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर**। अमृता देवी पर्यावरण नागरिक संस्थान "अपना संस्थान" जोधपुर एवम पर्यावरण संरक्षण गतिविधि द्वारा आयोजित पर्यावरण जन चेतना यात्रा बीकानेर शहर में दिनांक 18 अगस्त से 22 अगस्त सांयकाल को संपन्न हुआ। महानगर पर्यावरण जन चेतना यात्रा के संयोजक भुवनेश यादव ने बताया कि इस 5 दिन की यात्रा में शहर के 55 स्थानो पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसमें कॉलेज, स्कूल, मंदिर व पार्कों में पौधारोपण का कार्य भी किया गया है। यात्रा के दौरान लगभग 25000 पौधे वितरित किए गए तथा पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शहर के 95 गणमान्य व्यक्तियों को स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। शहर के आसपास के गोचर खाली स्थान पर 50000 पौधे लगाने का निर्णय लिया गया है। इस अभियान में शहर के सभी क्षेत्र के कार्यकताओं व पर्यावरण प्रेमियों ने सहयोग किया। यह यात्रा 5 दिन नोखा क्षेत्र में रहकर 27 अगस्त को खेजड़ली गांव में संपन्न होगी ।जहां जोधपुर प्रांत के सभी क्षेत्र के रथ आएंगे तथा एक विशाल व भव्य समापन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा ।

## तैयारी शुरू : पदाधिकारियों की बैठक हुई आयोजित, हुई चर्चा

**बगरू से जनसेविका डॉ. कंचन सोरल भी मौजूद रही**







सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर**। बगरू विधानसभा में विधायक प्रवास योजना के अंतर्गत उत्तरप्रदेश की देवरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी, बगरू विधानसभा प्रभारी जुगल शर्मा की उपस्थिति में जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों, महामंत्री एवं अपेक्षित पार्टी पदाधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में बगरू जनसेविका डॉ. कंचन सोरल भी मौजूद रहीं। कंचन सोरल ने कहा कि सभी कार्यकताओं को प्रतिबद्धता के साथ विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटना होगा। इस बैठक के दौरान विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर चर्चा हुई।

## न्यूड फोटो लेकर महीनों तक नोंचा रहा तांत्रिक

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर**। राजधानी जयपुर में बिहार की एक युवती से रेप करने का मामला सामने आया है। एक कथित तांत्रिक ने अश्लील फोटोज खींचकर ब्लैकमेल कर उसका देह शोषण किया। आरोपी तांत्रिक ने अश्लील फोटो को वायरल करने की धमकी देकर युवती से लाखों रुपए ऐंठने के साथ धोखे से धर्म परिवर्तन व निकाह के दस्तावेज तक बनवा डाले।उसकी बात नहीं मानने पर आरोपी तांत्रिक ने अपने अनुयायी से अपहरण कर परिवार की हत्या के झूठे केस में फंसाने की धमकी दी गई। ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर पीड़िता ने युवती ने कथित तांत्रिक बाबा के खिलाफ आमेर थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## रक्तदान कीजिए और हमेशा किसी के चेहरे पर मुस्कुराहट के रूप में जीवित रहिये : कैलाश कुमावत

*बागावास यूथ आर्मी के तत्वधान में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन*



सितारा न्यूज नेटवर्क

**मोना कुमावत/अणतपुरा**। बागावास में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें युवा ओर महिलाओं ने बढ चढ़कर भाग लिया। यूथ आर्मी के संयोजक अशोक कुमार देवत ने बताया कि रक्तदान शिविर में 152 यूनिट एकत्रित किया। शिविर में मुख्य अतिथि फुलेरा विधायक निर्मल कुमावत पूर्व प्रधान सांगानेर कैलाश कुमावत रहे ओर सभी रक्तदाता को प्रशस्ति पत्र ओर पानी का केपर देकर सम्मानित किया। इस दौरान अर्चना पांडे (विधायक छिबरामऊ एवं पूर्व मंत्री यूपी सरकार) फुलेरा उत्तर देहात मंडल अध्यक्ष मूलचंद रैगर, युवा मोर्चा अध्यक्ष बाबूलाल यादव पंचायत समिति सदस्य गीता देवी राजेंद्र सिंह सुरपुरा जगदीश ददरवाल मुकेश कुमार मीणा सरपंच प्रतिनिधि बीरबल बुनकर राम प्रकाश यादव पूर्वसरपंच गोपाल लाल यादव उप सरपंच प्रतिनिधि शंकर लाल यादव सहित समस्त ग्रामवासियों उपस्थित रहे।




## अभियोजन अधिकारी ने किया खिलाड़ियों का सम्मान





### महादेव की महाआरती में पहुँचे प्रशासनिक अधिकारी

सितारा न्यूज नेटवर्क



**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर)**। उपखंड चौमूं के ग्राम अनंतपुरा स्थित आनंदेश्वर महादेव मंदिर में महंत शंकर लाल शास्त्री के सानिध्य में श्रावण माह के चौथे सोमवार पर भव्य महाकाल रूप की झाँकी सजाई गई ।महाआरती में शामिल होने आए आरटीओ इंस्पेक्टर अखिलेश सिंह व अभियोजन अधिकारी अंजू चारण स्थानीय लोगो के साथ महा आरती में शामिल हुए । तत्पश्चात ग्रामीण ओलंपिक कबड्डी प्रतियोगिता जीतकर आये हुए युवाओं का अभियोजन अधिकारी अंजू चारण ने मैडल पहनाकर सम्मान किया,साथ ही चारण ने सभी भक्तों को अपने हाथों प्रसाद वितरित किया । इस मौके पर आनंदेश्वर महादेव मंडल की महिला मंडल ने अंजू चारण का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया ।,मंडल के द्वारा सरपंच मदन तोडावता ,वार्डपंच सुभाष बन्दावला, महादेव मीणा, सुरेश प्रजापत,महेश प्रजापत, मानोज मीणा ,चंद्रकांत शर्मा के साथ सभी ने आये हुए अतिथियों को प्रतीक स्वरूप स्मृति चिह्न भेंट किया।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## जिला स्तरीय ब्यावर कबड्डी प्रीमियर लीग प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर हुई चर्चा

सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)**। नवसृजित ब्यावर जिला के उपलक्ष्य में शीघ्र ही एक जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन शहर में किया जा रहा है। इस आशय को लेकर रविवार शाम होटल विनोद के पीछे स्थित आर्य समाज में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 25 सितंबर से 1 अक्टूबर तक जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता ब्यावर में आयोजित की जाएगी। इस बैठक में अजय शर्मा को मुख्य संयोजक नियुक्त किया गया इस अवसर पर संयोजक अजय शर्मा ने बताया कि नए जिले को लेकर लोगों में काफी उत्साह और उमंग है। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर काफी समय से कबड्डी प्रतियोगिता को लेकर कोई बड़ा आयोजन नहीं हुआ।इसी की तैयारियों के सिलसिले में आयोजनकताओं ने जिला कलेक्टर रोहिताश्वर सिंह तोमर से मुलाकात की। उन्हें अवगत कराया गया कि ब्यावर जिले के आसपास का क्षेत्र प्रतिभाओं से भरा पड़ा है परंतु उचित और उपयुक्त अवसर नहीं मिल पाने के कारण खिलाड़ियों को आगे बढ़ने और अपना हुनर दिखाने के मौके गँवाने पड़ते हैं। श्री शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य स्थानीय प्रतिभाओं को उभारना रहेगा और यदि खिलाड़ियों में दमखम हुआ और आगे बढ़ने की प्रतिभा हुई तो उन्हें राज्य स्तरीय ही नहीं वरन्‌ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराए जाएँगे। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता महज इस वर्ष ही नहीं बल्कि हर वर्ष आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में नवसृजित ब्यावर जिले में आने वाली सभी ग्राम पंचायतों व निकायों से टीमों को निमंत्रण दिया जाएगा। इस प्रतियोगिता के सुचारू संचालन के लिए शीघ्र ही विभिन्न समितियों का गठन भी शीघ्र किया जाएगा। इस अवसर पर बैठक में शारीरिक प्रशिक्षक प्रमोद राय शर्मा, दिलीप टॉक, प्रभु सिंह गहलोत, महेंद्र सिंह राठौड़, मदन सिंह रावत, हनुवंत सिंह रावत, गोपाल प्रजापत, इब्राहीम खान, रज्जाक मोहम्मद, अरविंद कुमार, अशोक टॉक, बिरदा खान के अलावा अजमत काठात, वृत्तजय आर्य, प्रशांत प्रजापति, त्रिभुवनराय शर्मा सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।



## सामूहिक क्षमापना पर्व का हुआ आयोजन





सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)**। वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित वर्द्धमान कन्या पी. जी. महाविद्यालय में मंगलवार को 'सामूहिक क्षमापना पर्व' का आयोजन किया गया । इस अवसर पर मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख ने क्षमापना पर्व के बारे में बताते हुए कहा कि क्षमा वीरस्य भूषणम ही जैन धर्म का गहना है ।उन्होंनें कहा कि आज के दिन किसी को राग द्वेष की गांठ नहीं रखनी चाहिये । एक दूसरे से मन से क्षमा करने व क्षमा याचना करने का दिन है। क्षमा वही कर सकता है जिसकी भावना पवित्र होती है ।जैन धर्म की परंपरा के अनुसार पयुषर्ण पर्व के अंतिम दिन क्षमापना दिवस पर एक दूसरे से ह्यह्यमिच्छामी दुक्कड़मङ्खङ्ख कहकर क्षमा मांगते है इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. आर. सी. लोढ़ा नें भी उपस्थित सभी जन से सामूहिक क्षमा याचना करते हुए कहा कि क्षमा की भावना प्रेम एवं सहयोग का विस्तार करती है जो सामाजिक जीवन के लिए अत्यन्त आवश्यक है। क्षमा अहिंसा एवं मैत्री का पर्व है। क्षमा याचना के माध्यम से आत्मशुद्धि और मनोमालिन्य दूर करने का अवसर प्राप्त होता है। इस दिन केवल व्यक्तियों से ही नहीं अपितु संसार के सभी जीव-जन्तु एवं प्रकृति से भी क्षमा याचना करनी चाहिए। महाविद्यालय की समस्त छात्राओं ने जैन धर्म की अनुपालना करते हुए परस्पर क्षमा याचना की। इस अवसर समिति के अध्यक्ष श्री शांतिलाल नाबरिया, कोषाध्यक्ष रमेश मेड़तवाल, महाविद्यालय अकादमिक प्रभारी डॉ. नीलम लोढ़ा, बी.एल.गोठी सी. सै. स्कूल प्राचार्य अनिल शर्मा, नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ के प्राचार्य धर्मेन्द्र शर्मा, वर्द्धमान रूट्स की प्राचार्या श्वेता नाहर एवं सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

## मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत, तीन साल पहले हुई थी शादी

**कोटा**। राजस्थान के कोटा में ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई है, वहीं उसकी ढाई साल की बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे इलाज के लिए कोटा जेकेलोन हॉस्पिटल में एटमिट करवाया गया है। बताया जा रहा है कि महिला ने सुसाइड किया है। फिलहाल मौत की वजह सामने नहीं आए है। महिला के सुसाइड की सूचना पर कोटा जीआरपी मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतका का शव पोस्टमार्टम अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। यह घटना सोमवार सुबह करीब 5 बजे की है। महिला आरजू अपने पति के साथ रेलवे की क्वार्टर में रहती थी। रेलवे ट्रेक से उसकी क्वार्टर से 150 से 200 मीटर दूरी पर है। जीआरपी कांस्टेबल नीरज कुमार ने बताया कि महिला का नाम आरजू (27) है। आरजू आगरा की रहने वाली है। साल 2020 में उसकी मुकेश कुमार से शादी हुई थी। उसके ढाई साल की बेटी मानवी है। आरजू का पति रेलवे में नौकरी करता है। दरा स्टेशन पर गैंगमेन है। पति पत्नी दरा स्टेशन पर बनी रेलवे क्वाटर में रहते है। मुकेश रविवार को नाइट ड्यूटी पर था। आरजू अपनी बेटी के साथ रेलवे ट्रेक पर आ गई। मुंबई की तरफ से आ रही मालगाड़ी की चपेट में आ गई। उसकी मौत हो गई,जबकि ढाई साल की मासूम गम्भीर घायल हुई। नीरज कुमार ने बताया कि फिलहाल मौत की वजह सामने नहीं आए है। महिला के पीहर पक्ष के आने के बाद ही स्थिति साफ हो सकेगी। जानकारी में आया ही आरजू पीहर जाने की कह रही थी। आरजू का पति अभी बोलने की स्थिति में नहीं है। मामले की जांच की जा रही है।

# राज्य सरकार ने विगत साढ़े चार वर्ष में प्रदेशवासियों के लिए जो कार्य किए वो अभूतपूर्व हैं : मंत्री जूली





सितारा न्यूज नेटवर्क

**युवराज शर्मा / अलवर**। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आज राजस्थान मिशन 2030 अभियान के अन्तर्गत राज्य स्तरीय संबोधन कार्यक्रम के तहत विजन 2030 हेतु मिशन का वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से शुरूआत कर आमजन से संवाद किया। सीएम गहलोत ने कहा कि राजस्थान मिशन 2030 अभियान प्रदेश को 2030 तक प्रगति के पथ पर ले जाने वाला अभियान है, जिसका उद्देश्य राजस्थान को देश में शिक्षा, चिकित्सा, पेयजल सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य कर शीर्ष स्थान पर पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि आमजन के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन सरकारों की जिम्मेदारी और जनता का अधिकार है। राज्य सरकार ने प्रदेशवासियों के सुख-दुख में भागीदार बनकर विगत साढ़े चार वर्ष में जो कार्य किए वो अभूतपूर्व हैं तथा इनकी घर-घर में चर्चा हो रही है। उन्होंने कहा कि महंगाई से प्रदेश की जनता को राहत देने के लिए राज्य सरकार द्वारा महंगाई राहत कैम्पों का आयोजन कर प्रदेश के जनता को लाभांवित किया गया है। प्रदेश के विकास को गति प्रदान करने एवं आमजन को स्थानीय स्तर पर शासन-प्रशासन की सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु नए जिले बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जनकल्याण के संकल्प के साथ किए गए हर वादे को पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान देश का पहला राज्य है जहां कानून बनाकर न्यूनतम आय की गारंटी प्रदान की गई है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि एक नई सोच, एक नई सुबह के साथ राजस्थान मिशन 2030 का मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आगाज किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के पिछले 5 साल में किए गए विकास कार्यों से राजस्थान देशभर में स्टेट मॉडल बना है अगले 7 साल में प्रगति की गति अब 10 गुना करने का प्लान कार्यक्रम के आयोजन की शुरूवात आज की गई है। राजस्थान प्रदेश के जन जन से राज्य सरकार का आवाहन है कि राजस्थान वर्ष 2030 की रूपरेखा के लिए अपने सुझाव, सलाह एवं सहयोग देकर आपकी अपनी कांग्रेस सरकार के हाथ मजबूत कर प्रदेश को देश ही नहीं अपितु विश्व पटल पर अग्रणीय भूमिका में शामिल करने की दिशा में कार्य करें। उपभोक्ता संरक्षण सदस्य दीपशिखा मीणा, पार्षद गौरीशंकर, प्रोफेसर डॉ सरोज मीणा, आइसीडीएस अधिकारी जितेंद्र मीणा, पर्यटन अधिकारी टीना यादव, मुख्य आयोजना अधिकारी सुरेंद्र कुमार शर्मा, महिला बाल विकास अधिकारी ऋषिराज सिंगल, एसीईओ रेखा रानी व्यास, एडी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग रविकांत, एडीईओ प्रदीप पंचोली, सहित पदाधिकारी, सदस्य एवं बड़ी संख्या में स्कूली छात्र छात्राओं ने शामिल हुए।

## हर हर महादेव : कावड़ियों ने किया शिव शंकर भोलेनाथ का जलाभिषेक

### हर-हर महादेव के जयकारों के साथ रवाना हुआ कावड़ियों का जत्था





सितारा न्यूज नेटवर्क

**हिंगोनियां**। कालख बांध बालाजी मंदिर से रवाना होकर कांवड़ियों का जत्था हर-हर महादेव का जयकारा लगाते,नाचते-गाते हुए शिव शंकर मंदिर लौछबों की ढाणी,आला का बास पहुंचा।कावड़ यात्रा के दौरान जगह-जगह कांवड़ियों का स्वागत किया गया। रास्ते में जगह-जगह कांवड़ियों को चाय नाश्ता करवाया गया।जोरपुरा सुन्दरियावास सरपंच कजोड़मल सिंघल, वार्ड पंच बजरंग लाल लौछब, फूलचंद लौछब, नारायण लाल लौछब, सवाई राम लौछब,किसना राम लौछब, तेजाराम कुड़ी ने शिव मंदिर लौछबों की ढाणी पहुंचकर कावड़ियों के जत्थे की अगुवाई की।कांवड़ियों ने शिव शंकर मंदिर में मत्था टेका और जलाभिषेक किया। इस अवसर पर भोलेनाथ विकास समिति के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र लौछब, मुकेश चौधरी, रामनिवास लौछब, महेंद्र कुड़ी, महेंद्र लौछब, राहुल लौछब, लालाराम लौछब, अलकेश पूनिया, सुभाष लौछब, पप्पू पूनिया, विनोद, कालूराम, सुरेंद्र लौछब, राहुल चौधरी समेत अनेक लोग मौजूद रहे। शिव भोलेनाथ विकास समिति के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र लौछब ने बताया कि इस अवसर पर भजन संध्या का आयोजन भी किया गया।

## ब्लॉक स्तरीय राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों का हुआ समापन





सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना** । अलवर के रैणी-उपखंड मुख्यालय पर चल रहे रैणी ब्लॉक स्तरीय राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों का समापन मंगलवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन हुआ ।जिसके मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक प्रतिनिधि उमेदीलाल मीणा रहे और उनके द्वारा मां सरस्वती के दीप प्रज्वलित कर समापन कार्यकम की शुरूआत की तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता रैणी एसडीएम गौरव मित्तल के द्वारा की गई तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर रैणी तहसीलदार पृथ्वीराज सिंह मीणा रहे।



ब्लॉक स्तरीय इस कार्यक्रम मे विजेता टीम रही पुरुष वर्ग कबड्डी मे विजेता मांचाड़ी उपविजेता पाटन , टेनिस बॉल क्रिकेट विजेता टहटडा व उपविजेता डोरोली रही , वॉलीबाल विजेता भजेड़ा उपविजेता सालोली रही और शूटिंग बाल विजेता जामडोली व उपविजेता रैणी रही तथा फुटबाल में विजेता जामडोली व उपविजेता बैहडको कंला रही। इसी तरह से महिला वर्ग मे कबड्डी विजेता पिनान व उपविजेता राजपुरछोटा रही तथा फुटबाल विजेता रैणी की टीम रही और टेनिस बॉल क्रिकेट विजेता कानेटी रही व उपविजेता बैरेर रही व खो-खो विजेता भूलेरी रही व उपविजेता भूडा की टीम रही तथा रस्साकसी विजेता सालोली रही व उपविजेता बैरेर टीम रही और वॉलीबॉल विजेता बैरेर टीम रही व उपविजेता डोरोली टीम रही। इस दौरान रैणी बीडीओ नरेंद्र कुमार ,एसीबीओ रामस्वरूप मीणा , नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवचरण सैदावत , ईटोली सरपंच धर्मराज मीणा , पाटन सरपंच सरोज मीना , बैरेर सरपंच व भजेड़ा सरपंच विजेंद्र मीणा , माचाड़ी सरपंच प्रतिनिधि मोनू राजपूत , स्थानीय प्रधानाचार्य तिलक राज इंदौरिया , महेश प्रजापत , कैलाशचंद मीणा माचाड़ी प्रधानाचार्य , पाटन प्रिंसिपल मुन्नालाल शर्मा , विनोद , रामभरोसी मीना , सीताराम , राज शर्मा , कानेटी प्रधानाचार्य निर्मला मीणा सहित क्षेत्र के सभी स्कूलो से पधारे टीम प्रभारी व विधार्थी एवं समस्त खिलाडी व आसपास के गणमान्य ग्रामीण नागरिक मौजूद रहे।

मिडिया को यह सारी जानकारी व्याख्याता पीटीआई रामनिवास मीणा व देवीराम यादव (अडोली) के द्वारा दी गई है तथा इस दौरान मंच का संचालन देवी राम यादव पीटीआई ने किया एवं कार्यक्रम का समापन ध्वजावतरण व राष्ट्रीय गान के साथ मुख्य अतिथी द्वारा किया गया एवं खिलाडियो को अतिथियो द्वारा प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

विधानसभा चुनाव 2023 की सरगर्मियां शुरू

## चौमूं विधान सभा से कांग्रेस के टिकट के लिए 51 उम्मीदवारों ने सौंपे आवेदन पत्र,कई अन्य शेष

### कांग्रेस के पदाधिकारियों से लेकर कार्यकताओं तक ने जताई दावेदारी





सितारा न्यूज नेटवर्क

**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर )**। शहर के मोरीजा रोड स्थित कार्यालय अभियंता (द्वितीय) जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के (गेस्ट हाउस) में मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार आगामी विधानसभा चुनावों के मध्य नजर चौमूं विधानसभा से विधायकों का चुनाव लड़ने वाले इच्छुक उम्मीदवारों के आवेदन पत्र लिए गये। जिसमें आवेदन प्राप्त करने वाली कमेटी में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की सचिव एवं चौमूं विधानसभा प्रभारी तारा बेनीवाल एवं जिला कांग्रेस कमेटी से नियुक्त चौमूं विधानसभा प्रभारी गंगा राम मीणा,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पश्चिम के अध्यक्ष गिरिराज देवन्दा व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पूर्व के अध्यक्ष लोकेश शर्मा शामिल रहे । विधानसभा प्रभारी तारा बेनीवाल ने बताया कि आगामी विधानसभा के चुनावों के मच्य नजर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार आज मंगलवार को शहर के मोरीजा रोड़ स्थित कार्यालय अभियंता द्वितीय जेवीवीएनएल के गेस्ट हाउस में आगामी विधान सभा चुनाव में विधायक का चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन लिए गए हैं जिसमें चौमूं विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के टिकट के लिए कुल 51 उम्मीदवारों ने दावेदारी जताई जाकर कमेटी को आवेदन पत्र सौंपे है ।

कांग्रेस की टिकट के लिए सौंपे गए आवेदन पत्रों में रोचक तथ्य तो यह है कि एक ही टिकट के लिए एक ही परिवार के तीन सदस्यों ने ताल ठोकी है । जिसमें पिता- पुत्र व भाई भाई की जोडी शामिल है वही एक अन्य परिवार के दो लोगों ने ताल ठोक दी है । सबसे रोचक तथ्य तो यह है कि जो उम्मीदवार प्रमुख रूप से दावेदारीकर रहे थे उनके समर्थकों ने भी उम्मीदवारी जताते हुए प्रभारियों को आवेदन पत्र सौंपे है ।

**उम्मीदवार जिन्होंने टिकट के लिए सौंपे आवेदन पत्र**

(01) कृष्णकान्त शर्मा
(02) गिरिराज सिंह देवन्दा
(03) हरीश यादव
(04) सुरेश कुमार यादव
(05) लल्लूराम सैनी
(06) सांवरमल सैनी
(07) फिरोज खान नागोरी
(08) महेश कुमार यादव
(09) जगदीश शर्मा
(10) धीरेन्द्र कुमार सैनी
(11) लाला राम बलेसरा (शर्मा)
(12) हरसहाय यादव
(13) शंकर लाल चतुवेर्दी
(14) हरफूल चौधरी
(15) कैलाश चन्द्र यादव
(16) डॉ. देशराज गढ़वाल
(17) डॉ. शिखा मील बराला
(18) बंसीधर सैनी
(19) राजकुमार शर्मा
(20) मुकेश कुमार शर्मा
(21) डॉ.जगदीश प्रसाद सैनी
(22) गजानंद कुमावत
(23) छिगन लाल यादव
(24) हनुमान सहाय जाट
(25) राजेंद्र प्रसाद यादव
(26) गोविंद नारायण सैनी
(27) नरेंद्र कुमार यादव
(28) महेंद्र लांबा
(29) लालचंद सेरावत
(30) विष्णु कुमार सैनी
(31) कैलाश राज सैनी
(32) डॉ संगीता सैनी
(33) श्रीमती अनिता सैनी
(34) कमल सिंह यादव
(35) भगवान सहाय धांसिल
(36) कृष्ण दत्त शर्मा
(37) मनीष बागोरिया
(38) अभिषेक सैनी
(39) रमेश चंद शर्मा
(40) गोगराज देवन्दा
(41) भगवान सहाय सैनी
(42) डॉ सुरेश कुमार सैनी
(43) रविंद्र कुमार निठारवाल
(44) सांवरमल चौधरी
(45) डॉ रामनारायण यादव
(46)चन्द्रकला नागौरी
(47)रुक्ष्मनी देवी
(48)अनुज आत्रेय
(49)डॉ हनुमान बराला
(50)डॉ सीबी यादव
(51)लोकेश शर्मा

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# कलयुग में पर्वत जितना वजन उठाने वाला महाबली, यह दुनिया का सबसे शक्तिशाली इंसान



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अभी तक हमने पुराणों और धार्मिक ग्रंथों में ही सुना है कि एक से बढ़कर एक महाबली हुए हैं। इन महाबलियों द्वारा किए गए शक्ति प्रदर्शन आज भी जीवंत हैं। रामायण में उल्लेखित है कि हनुमान जी ने संजीवनी बूटी लाने के लिए पूरा पर्वत ही उठा लिया था तो दूसरी ओर भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी एक उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठा लिया था। बाहुबली में बाहुबली को भारी भरकम शिवलिंग उठाते देखा गया। मगर क्या आप सोच सकते हैं कि एक इंसान ने 6 क्विंटल से भी अधिक वजन उठा ले, शायद नहीं लेकिन ये कारनामा एक शख्स ने कर दिखाया है।



### बाहुबलियों का महाबली जिम्मी कोलब

एक पावर लिफ्टर हैं, जिनका नाम जिम्मी कोलब है। आप उन्हें महाबली कह लें या बाहुबली या फिर पहाड़ उठाने वाला इंसान। उन्होंने 635.4 किलोग्राम (1,401 पाउंड) वजन के साथ बेंच प्रेस उठाने का अद्भुत रिकॉर्ड बनाया है। जिम्मी के फोटो और वीडियो न देखें तो कोई भी यह विश्वास नहीं कर सकता कि कोई व्यक्ति अपने दोनों हाथों पर 636 किलोग्राम वजन उठा सकता है।

### 6.35 क्विंटल से अधिक उठाने वाले इकलौते इंसान

वह 600 किलोग्राम से अधिक वजन से बेंच प्रेस करने वाले धरती पर इकलौते व्यक्ति हैं। 29 जुलाई, 2023 को जिमी कोलब ने 2023 इंटरनेशनल पावर लिफ्टिंग असोसिएशन ट्राइ-स्टार बैश में 635.4 किलोग्राम (1,401 पाउंड) के वजन के साथ अपने पिछले विश्व रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

### पावर लिफ्टिंग इतिहास में पहली बार हुआ

कोलब का यह भार न केवल अब तक का सबसे भारी बेंच प्रेस है, बल्कि यह पावर लिफ्टिंग इतिहास में सबसे अनोखा रिकॉर्ड है। 1,200 और 1,300 पाउंड के बैरियर को तोड़ने वाले पहले व्यक्ति बन गए हैं। उन्होंने तीसरे चांस में इसे उठाया, जबकि दो मौके पर वह असफल रहे थे। तीसरी कोशिश में उन्होंने छाती के बल 635.4 किलोग्राम उठाने में सफलता प्राप्त कर ली।




### इससे पहले 612 किलो उठाने का रिकॉर्ड

इससे पहले कोलब का पिछला रिकॉर्ड 612.5 किलोग्राम (1,350 पाउंड) था, जो उन्होंने 4 फरवरी, 2023 को हरिकेन, डब्ल्यूवी में 2023 आईपीए हिलबिली हैवोक मीट में बनाया था। वह 600 किलोग्राम से अधिक वजन से बेंच प्रेस करने वाले एकमात्र व्यक्ति हैं। इस महारिकॉर्ड को बनाने के बाद उन्होंने कहा- मैं सभी का धन्यवाद करना चाहता हूं। मेरे पास खड़े लोगों के बिना यह संभव नहीं था।

## खबर संक्षेप



### रांची पहली बार करेगा महिला एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी की मेजबानी

**नई दिल्ली।** चेन्नई में पुरुष टूर्नामेंट के सफल आयोजन के बाद भारत इस साल 27 अक्टूबर से पांच नवंबर तक रांची में पहली बार महिलाओं के एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। टूर्नामेंट के सातवें सत्र का आयोजन हॉकी इंडिया और झारखंड सरकार के सहयोग से होगा। रांची ने इससे पहले 2012 से 2015 तक हॉकी इंडिया लीग के कई मैचों की मेजबानी की है। इस शहर में ही लीग की फ्रेंचाइजी टीम रांची रेज का घरेलू मैदान था। यहां बड़ी संख्या में इस खेल के प्रशंसक है। भारत के अलावा ये देश खेलेंगे टूर्नामेंट में भारत के अलावा गत चैंपियन जापान, उपविजेता कोरिया, चीन, मलेशिया और थाईलैंड के भाग लेने की उम्मीद है।

### सिमोना डोपिंग के कारण अमेरिकी ओपन से बाहर

**न्यूयॉर्क।** सिमोना हालेप को अस्थाई डोपिंग निलंबन के कारण सोमवार को अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर कर दिया गया। अमेरिकी टेनिस संघ ने घोषणा की कि दो बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन और विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी हालेप का नाम टूर्नामेंट के ड्रॉ डाले जाने पर स्वतः ही हटा दिया गया। फ्लशिंग मीडोज पर 28 अगस्त से शुरू होने वाले अमेरिकी ओपन के महिला एकल ड्रॉ मे हालेप की जगह टेलर टाउनसेंड को शामिल किया गया है।

### भारत को विश्व पैरा पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण व रजत पदक

**दुबई।** हनी डबास और राहुल जोगराजिया ने मंगलवार को यहां विश्व पैरा पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप के जूनियर पुरुष 72 किग्रा वर्ग में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते। डबास ने 135 किग्रा का सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया जबकि राहुलने कुल 132 किग्रा वजन उठाया। भारत ने इस नौ दिवसीय प्रतियोगिता में 21 खिलाड़ियों को उतारा है।

### खेल मंत्रालय ने बजरंग दीपक के विदेशी प्रशिक्षण के प्रस्तावों को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने पहलवान बजरंग पूनिया और दीपक पूनिया के फिटनेस प्रमाणपत्र प्राप्त मुहैया कराने पर उनके विश्व चैंपियनशिप के ट्रायल में भाग नहीं लेने और एशियाई खेलों तक विदेश में प्रशिक्षण लेने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) चाहता था कि ओलंपिक पदक विजेता पहलवान बजरंग विश्व चैम्पियनशिप के ट्रायल में शामिल हो और अगर वह पटियाला में इस सप्ताह होने वाले ट्रायल से छूट चाहते हैं तो फिटनेस प्रमाणपत्र प्रदान करें। बजरंग 25 और 26 अगस्त को विश्व चैंपियनशिप के ट्रायल में भाग नहीं लेने की योजना बना रहे हैं। वह 23 सितंबर से हांगझोउ में शुरू होने वाले एशियाई खेलों की तैयारी के लिए विदेश में अभ्यास करना चाहते हैं।

## क्रिकेट : सीरीज में भारत 2-0 से आगे, मैच शाम 7.30 बजे से

# आयरलैंड को क्लीन स्वीप करने आज उतरेगी भारतीय टीम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आयरलैंड क्रिकेट टीम और भारतीय क्रिकेट टीम के बीच तीसरा टी-20 मैच द विलेज में आज 23 अगस्त को खेला जाएगा। भारतीय टीम ने 2-0 की अजेय बढ़त बनाई हुई है और जसप्रीत बुमराह की कप्तानी में टीम आखिरी मैच को जीतकर सीरीज में क्लीन स्वीप करना चाहेगी। पॉल स्टर्लिंग के नेतृत्व में आयरिश टीम आखिरी मैच में अपने खेल के स्तर में सुधार करना चाहेगी। मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे से शुरू होगा।

### भारत ने आयरलैंड से जीते हैं सातों टी-20 मैच

अब तक दोनों टीमें 7 टी-20 मैचों में आमने-सामने हुई हैं और सभी में भारत ने जीत हासिल की है। आयरलैंड की सरजमीं पर भारत ने 6 टी-20 मैच खेले हैं और सभी में जीत दर्ज की है। बता दें कि मौजूदा सीरीज से पहले भारत ने साल 2022 में आयरलैंड का दौरा किया था और 2 मैचों की उस टी-20 सीरीज को क्लीन स्वीप किया था।



### इन खिलाड़ियों पर होंगी नजरें

पिछले मैच में अपना अंतरराष्ट्रीय डेब्यू करने वाले रिंकू ने प्रभावित किया था। उन्होंने 21 गेंदों में 2 चौकों और 3 छक्कों की बदौलत 38 रन बनाए थे। दूसरे टी-20 में अनुभवी बालबर्नी ने 51 गेंदों में 72 रन की पारी खेली थी। उन्होंने अपनी पारी में 5 चौके और 4 छक्के लगाए थे। मौजूदा सीरीज में बुमराह ने 2 मैचों में 9.75 की औसत के साथ 4 विकेट लिए हैं।

### टीम इस प्रकार हैं

**भारत :** जसप्रीत बुमराह (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़, यशस्वी जयसवाल, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, संजू सैमसन (विकेटकीपर), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, रवि बिश्नोई, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, मुकेश कुमार, आवेश खान।

**आयरलैंड :** पॉल स्टर्लिंग (कप्तान), एंड्र्यू बालबर्नी, मार्क अडायर, रॉस अडायर, कर्टिस कैंपर, गैरेथ डेलानी, जॉर्ज डॉकरेल, फिओन हैंड, जोश लिटिल, बैरी मैक्कार्थी, हैरी टेक्टर, लोर्कन टकर, थियो वैन वोर्कोम, बेन व्हाइट, क्रेग यंग।

# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने स्पेन को 2-1 से हराया



एजेंसी ▶▶| डसेलडोर्फ

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चार देशों के टूर्नामेंट में मंगलवार को यहां शानदार प्रदर्शन करते हुए स्पेन को 2-1 से हराया। भारत के लिए अन्नू (21वें मिनट) और साक्षी राणा (47वें मिनट) ने एक-एक गोल किया। स्पेन के लिए लीमा टेरेसा (23वें) ने टीम का इकलौता गोल दागा। मैच के पहले क्वार्टर में दोनों टीमों की कोशिश लय हासिल कर दबदबा बनाने की थी। भारतीय टीम ने हालांकि इस दौरान ज्यादा आक्रमण करने पर ध्यान दिया लेकिन स्पेन की रक्षापंक्ति ने उसे गोल करने का मौका नहीं दिया।

### भारत की खुशी ज्यादा देर नहीं रही

पहला क्वार्टर गोल रहित रहने के बाद दूसरे क्वार्टर में दोनों टीमों ने खेल की गति को बढ़ाने पर ध्यान दिया। भारतीय टीम ने इस दौरान बढ़त लेने के लिए पूरा जोर लगाया और उसे इसका फायदा भी मिला। अन्नू ने 21वें मिनट में मैदानी गोल कर टीम का खाता खोला। भारतीय टीम की यह बढ़त हालांकि ज्यादा देर बरकरार नहीं रहीं और दो मिनट के बाद ही टेरेसा के मैदानी गोल से स्कोर 1-1 से बराबर हो गया।

### आखिरी क्वार्टर में झोंका पूरा दमखम

मैच के तीसरे क्वार्टर में भी दोनों टीम की रक्षापंक्ति ने शानदार खेल दिखाया और दूसरी टीम को बढ़त लेने से रोके रखा। भारत ने मैच के आखिरी क्वार्टर में पूरा दमखम झोंक दिया और टीम को इसका फायदा साक्षी के गोल के रूप में मिला। साक्षी ने मैच के 47वें मिनट में मैदानी गोल किया। एक गोल से पिछड़ने के बाद स्पेन ने वापसी की कोशिश की लेकिन भारतीय टीम उन्हें रोकने में सफल रही।

# प्रणय-लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप के तीसरे दौर में, सिंधू हारी

एजेंसी ▶▶| कोपेनहेगन

पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधू का लचर प्रदर्शन जारी रहा और वह सीधे गेम में हार के साथ विश्व चैंपियनशिप से बाहर हो गई लेकिन भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन ने मंगलवार को यहां पुरुष एकल के तीसरे दौर में जगह बनाई। पांच पदक के साथ विश्व चैंपियनशिप की सबसे सफल भारतीय खिलाड़ी सिंधू के शॉट में दमखम की कमी दिखी और उन्हें जापान की अपनी चिर प्रतिद्वंद्वी नोजोमी ओकुहारा के खिलाफ सीधे गेम में 14-21 14-21 से हार झेलनी पड़ी। ओकुहारा विश्व चैंपियनशिप की 2017 की स्वर्ण और 2019 की रजत पदक विजेता हैं।सोलहवीं वरीय सिंधू अपने करियर में पहली बार इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में नाकाम रहीं। पुरुष एकल में नौवें वरीय प्रणय ने इंडोनेशिया के चिको ऑरा ड्वी वारडोयो को सीधे गेम में 21-9, 21-14 से हराया जबकि विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य ने दुनिया के 51वें नंबर के कोरियाई खिलाड़ी



जियोन हियोक जिन को एकतरफा मुकाबले में 21-11 21-12 से शिकस्त दी। अगले दौर में प्रणय की राह आसान नहीं होगी। उन्हें सातवें वरीय सिंगापुर के लोह कीन यीव से भिड़ना है जिन्होंने अजरबेजान के आदे रेस्की द्वीकाहयो को 21-4, 21-11 से हराया। 11वें वरीय लक्ष्य का अगले दौर में सामना थाईलैंड के पांचवें वरीय कुनलावुत वितिदसार्न से हो सकता है। लक्ष्य ने इसके साथ ही कोरियाई खिलाड़ी के खिलाफ 2022 में एशिया टीम चैंपियनशिप में मिली हार का बदला भी चुकता कर दिया।

### कप्तानी में किसी तरह के नए प्रयोग नहीं करूंगा

*मेलबर्न।* *ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर मिशेल मार्श ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के सीमित ओवरों के आगामी दौरे में वह कप्तान के रूप में किसी तरह का नया*



*प्रयोग नहीं करेंगे और इसके बजाय उसी ढर्रे पर आगे बढ़ेंगे जिस पर नियमित कप्तान पैट कमिंस और कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड चल रहे थे। कमिंस अभी कलाई की चोट से उबर रहे हैं और उनकी अनुपस्थिति में 31 वर्षीय मार्श को ऑस्ट्रेलिया की टी20 और वनडे टीम की कप्तानी सौंपी गई है। कमिंस व डोनाल्ड ने बनाया अच्छा माहौल मार्श ने कहा,'' कमिंस और मैकडोनाल्ड ने हमारी टीम के अंदर बहुत अच्छा माहौल तैयार किया है और उम्मीद है कि टी20 प्रारूप में मैं इसे बनाए रखूंगा तथा ऐसा माहौल तैयार करूंगा जिसमें खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया की तरफ से खेलते हुए क्रिकेट का पूरा आनंद लेंगे।*

# डूरंड कप : क्वार्टर फाइनल में मोहन बागान का सामना मुंबई सिटी से

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

इंडियन सुपर लीग का मौजूदा चैंपियन मोहन बागान डूरंड कप फुटबॉल प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में मुंबई सिटी एफसी का सामना करेगा। डूरंड कप क्वार्टर फाइनल में खेलने वाली टीमों की 'लाइनअप' मंगलवार को घोषित की गई।

### इन टीमों के बीच होंगे रोमांचक मुकाबले

एक अन्य क्वार्टर फाइनल में ईस्ट बंगाल का सामना गोकुलम केरल से होगा। मोहन बागान और ईस्ट बंगाल दोनों अपने मैच घरेलू मैदान पर



खेलेंगे। गुवाहाटी अन्य दो क्वार्टर फाइनल मैचों की मेजबानी करेगा। इनमें से पहला मैच गुरुवार को नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी और इंडियन आर्मी एफटी तथा दूसरा मैच शनिवार को एफसी गोवा और चेन्नईयिन एफसी के बीच खेला जाएगा।

# विश्व कप 2023 के कार्यक्रम में नहीं होगा बदलाव हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन की मांग खारिज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वनडे विश्व कप को लेकर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने बड़ा फैसला लिया है। बीसीसीआई ने हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन की उस मांग को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने विश्व कप के कार्यक्रम में बदलाव करने की मांग की थी। बीसीसीआई का कहना है कि अब कार्यक्रम में कोई बदलाव नहीं हो सकता है क्योंकि अब विश्व कप के आयोजन को लेकर ज्यादा समय नहीं बचा है। वनडे विश्व कप 2023 की शुरुआत 5 अक्टूबर से होगी और फाइनल 19 नवंबर को खेला जाएगा।



### क्या था पूरा मामला?

हैदराबाद के राजीव गांधी क्रिकेट स्टेडियम में लगातार 2 मुकाबले खेले जाने हैं। पहला मैच 9 अक्टूबर को न्यूजीलैंड और नीदरलैंड के बीच खेला जाना है। दूसरा मैच पाकिस्तान क्रिकेट टीम और श्रीलंका के बीच होना है। ऐसे में एचसीए ने कहा था कि उन्हें लगातार 2 मैचों के लिए सुरक्षा प्रदान करने में परेशानी का सामना करना पड़ेगा। हैदराबाद में 6 अक्टूबर को पाकिस्तान और नीदरलैंड के बीच भी मुकाबला खेला जाना है।

एचसीए अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने एचसीए को सुरक्षा को लेकर यह बात बताई थी, जिसके बाद एचसीए ने बीसीसीआई को पत्र लिखा था। हैदराबाद में एक मैच के लिए लगभग 3,000 पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा, जिस होटल में पाकिस्तान टीम को ठहराया जाएगा।

## एशिया कप 2023 के लिए बांग्लादेश की टीम घोषित

# बांग्लादेश को झटका, चोटिल इबादत बाहर, तंजीम शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आगामी एशिया कप की शुरुआत 30 अगस्त से होनी है, इससे पहले बांग्लादेश क्रिकेट टीम के लिए बुरी खबर है। दरअसल, बांग्लादेश के तेज गेंदबाज इबादत हुसैन चोट के कारण इस प्रतियोगिता से बाहर हो गए हैं। उनके स्थान पर अनकैप्ड तंजीम हसन साकिब को शामिल किया गया है। बता दें कि बांग्लादेशी टीम एशिया कप 2023 में अपना पहला मैच 31 अगस्त को श्रीलंका क्रिकेट टीम के खिलाफ खेलेगी।

**अब तक फिट नहीं हो सके हैं इबादत :** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने 12 अगस्त को शाकिब अल हसन की कप्तानी में अपनी 17 सदस्यीय टीम की घोषणा की थी, जिसमें इबादत को चुना गया था। वह




पिछले महीने अफगानिस्तान के खिलाफ हुई वनडे सीरीज के दौरान चोटिल हुए थे और इस समय रिकवरी कर रहे हैं। बीसीबी के प्रमुख चिकित्सक डॉ. देबाशीष चौधरी ने कहा कि विश्व कप को ध्यान में रखते हुए इबादत की रिकवरी की जा रही है और वह एशिया कप में नहीं खेलेंगे।

### इबादत के चोटिल होने से टीम को नुकसान

दाएं हाथ के तेज गेंदबाज इबादत ने अपने युवा वनडे करियर में प्रभावित किया है। उन्होंने अब तक सिर्फ 12 वनडे मैच खेले हैं, जिसमें 22.90 की औसत और 5.60 की इकॉनमी रेट के साथ 22 विकेट लिए हैं। इस बीच उनका सर्वश्रेष्ठ 42 रन देते हुए 4 विकेट लेना रहा है।

### तंजीम के कॅरियर पर एक नजर

टीम में शामिल किए गए 20 वर्षीय तंजीम दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं। वह पिछले महीने इमर्जिंग एशिया कप में बांग्लादेश-ए टीम से खेलते हुए नजर आए थे। उन्होंने उस टूर्नामेंट में 3 मैचों में 9 विकेट लिए थे। अपने अब तक के लिस्ट-ए करियर में उन्होंने 37 मैच खेले हैं, जिसमें 28.82 की औसत और 5.44 की इकॉनमी रेट के साथ 57 विकेट लिए हैं। इस बीच वह 1 फाइव विकेट हॉल ले चुके हैं।

### बांग्लादेश की टीम

शाकिब अल हसन (कप्तान), लिटन दास, नजमुल हुसैन शान्तो, तौहीद हृदोय, मुशफिकुर रहीम, अफीफ हुसैन, मेहदी हसन मिराज, तस्कीन अहमद, हसन महमूद, मुस्तफिजुर रहमान, शोरफुल इस्लाम, नसुम अहमद, महेदी हसन , मोहम्मद नईम, शमीम हुसैन, तंजीद हसन और तंजीम हसन।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के लिए पूरे देश में पूजा

## कहीं हवन-पूजन, गंगा आरती तो कहीं नमाज

चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के लिए दुआओं का दौर...




*चंद्रयान-3 के सफल लैंडिंग के लिए देशभर में दुआएं मांगी जा रही हैं। 23 अगस्त को भारत का चंद्रयान-3 चांद के साउथ पोल के पास उतरेगा। ऐसा होने के बाद भारत चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग कराने वाला दुनिया का पहला देश बन जाएगा।*

एजेंसी ▶▶| लद्दाख

यूपी के फतेहपुर में मौजूद बांके बिहारी मंदिर में वीएचपी के कार्यकर्ताओं ने हवन और पूजा अर्चना कर भगवान से सफल लैंडिंग की कामना की। जबलपुर में चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के लिए बजरंगबली से प्रार्थना की जा रही है। बागेश्वर टाइगर सेना ने प्राचीन बजरंगबली मंदिर में परंपरा के मुताबिक झंडा अर्पित किया गया। साथ ही हनुमान चालीसा का पाठ कर बजरंगबली से चंद्रयान-3 के सफल लैंडिंग की प्रार्थना की गई।



### कल्पना चावला के स्कूल में हुई प्रार्थना

*हरियाणा के करणाल के जिस स्कूल में कल्पना चावला ने पढ़ाई की थी। उस स्कूल में लड़कियों ने चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के लिए प्रार्थना की। वहीं, यूपी के संभल में मंदिर और मस्जिद में चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के लिए दुआएं मांगी गईं। मंदिरों ने हवन पूजन हुआ तो मदरसों में छात्रों ने दुआ मांगी। लखीमपुर-खीरी में स्कूली बच्चों ने चंद्रयान-3 का मॉडल बनाकर मंदिर पहुंचे और भगवान से प्रार्थना की। सहारनपुर में स्कूलों के सैकड़ों बच्चों ने चंद्रयान-3 के सफल लैंडिंग के लिए प्रेयर की। इसके अलावा धर्म नगरी वाराणसी में लोगों ने मिशन चंद्रयान की सफलता के लिए विशेष हवन पूजन किया गया।*

### वाराणसी में हवन-पूजन

धर्म नगरी वाराणसी में लोगों ने मिशन चंद्रयान की सफलता के लिए विशेष हवन पूजन किया। हाथों में चंद्रयान की फोटो और तिरंगा के साथ लोगों ने बाबा विश्वनाथ से विशेष प्रार्थन की। साथ ही नमामि गंगे के साथ महर्षि वेद विद्यालय के बटुकों ने भगवान भास्कर और मां गंगा की आरती उतारकर आशीर्वाद मांगा। अयोध्या में भी दिवाकराचार्य महाराज ने चंद्रयान 3 की सफलतापूर्वक लैंडिंग के लिए हवन-पूजन किया।



### जामा मस्जिद में नमाज

*इसी तरह लखनऊ की ऐशबाग ईदगाह स्थित जामा मस्जिद में जुहर की नमाज के बाद इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया के अध्यक्ष एवं ईदगाह के इमाम मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के लिए दुआ कराई। दुआ में काफी तादाद में लोग शामिल हुए ।*

## खबर संक्षेप

### ऐश्वर्या राय पर टिप्पणी मंत्री को मिला नोटिस



**मुंबई।** महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे सरकार में आदिवासी मामलों के मंत्री विजय कुमार गावित अभिनेत्री ऐश्वर्या राय पर एक बयान देकर बुरी तरह फंस गए हैं। अब राज्य महिला आयोग ने भाजपा कोटे के मंत्री विजय कुमार गावित से अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन पर की गई टिप्पणी पर स्पष्टीकरण देने को कहा है। आयोग ने मंत्री को नोटिस भेजकर तीन दिन के अंदर जवाब मांगा है। इससे पहले गावित सोमवार को उस वक्त विवादों में घिर गए जब उन्होंने कहा कि बॉलीवुड अदाकारा ऐश्वर्या राय बच्चन की आंखें इसलिए खूबसूरत हैं क्योंकि वह नियमित रूप से मछली खाती हैं।

### चंद्रयान-3 का मजाक उड़ाकर बुरे फंसे प्रकाश

**नई दिल्ली।** चंद्रयान-3 का कथित तौर पर मजाक उड़ाने वाले एक्टर



प्रकाश राज कानूनी मुश्किल में फंसते नजर आ रहे हैं। खबर है कि कर्नाटक के बागलकोट जिले में उनके खिलाफ पुलिस शिकायत दर्ज की गई है। राज ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था, जिसके बाद विवाद गर्मा गया था। 'हिंदू संगठनों के नेताओं ने बागलकोट जिले के बनहट्टी पुलिस स्टेशन में एक्टर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

### नक्सली आत्मसमर्पण नीति को एमपी में मंजूरी

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंगलवार 22 अगस्त को कैबिनेट की बैठक



सीएम हाउस कार्यालय समत्व भवन में वंदे मातरम के गान के साथ आरंभ हुई। बैठक में नक्सली आत्मसमर्पण नीति को स्वीकृति प्रदान की गई। मंत्री सारंग ने बताया कि पहले तेलगांना, छत्तीसगढ़ में थी ऐसी नीति। इसके अलावा पेंशनर्स को भी सरकार ने तोहफा दिया है। पेंशनर्स के लिए 1 जुलाई 2023 से मंहगाई राहत की दर में की गई वृद्धि। महंगाई राहत देने से सरकार पर आएगा 410 करोड का अतिरिक्त भार।

### कर्नाटक के डिप्टी सीएम पर 50 हजार का जुर्माना

**बेंगलुरू।** कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री और बेंगलुरु के शहरी विकास मंत्री डीसीएम डीके शिवकुमार पर बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) ने 50,000 रुपये का जुर्माना लगाया है। बीबीएमपी ने अनधिकृत बैनर लगाने के लिए डीके शिवकुमार पर यह जुर्माना लगाया है। उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार, बीबीएमपी ने शहर में लगाए गए अनधिकृत बैनरों पर जुर्माना लगाने की प्रक्रिया जारी रखी है, और कर्नाटक कांग्रेस (केपीसीसी) के अध्यक्ष होने के नाते डीके शिवकुमार अनधिकृत बैनर लगाने लिए जिम्मेदार ठहराए गए हैं।

*लद्दाख के दौरे पर हैं पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी*

# सेना के रिटायर्ड अफसरों से मिले राहुल तिरंगा फहराया, भारत माता के जयकारे

एजेंसी ▶▶| लद्दाख

लद्दाख के दौरे पर पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार रात को लेह मार्केट में आर्मी के रिटायर्ड अफसरों से मुलाकात की। इस दौरान राहुल गांधी ने रिटायर्ड अफसरों संग तिरंगा फहराया और भारत माता की जय के नारे भी लगाए। मार्केट में लोगों की भारी भीड़ भी इस दौरान भारत माता की जय के नारे लगाती दिखी। इस दौरान राहुल ने मार्केट में खरीदारी भी की जिसका वीडियो आया है। राहुल को भीड़ से घिरे हुए देखा जा सकता है। लेह मार्केट पहुंचते ही युवाओं का हुजूम उमड़ पड़ा। इस दौरान राहुल की सुरक्षा का घेरा पार कर एक बच्चा उनके ऑटोग्राफ लेने पहुंचा। राहुल ने इस बच्चे के साथ फोटो भी खिंचाई। पैंगोंग त्सो लेक से बाइक चलाकर सोमवार को राहुल गांधी खारदुंग ला पहुंचे थे जहां वो स्थानीय निवासियों संग बातचीत करते और तस्वीरें खिंचाते नजर आए।

**खास बातें**

- लोकल मार्केट में गांधी के पहुंचते ही युवाओं का उमड़ा हुजूम
- बाइक से यात्रा कर रहे हैं वायनाड सांसद इन दिनों




### केंद्र सरकार के चीन वाले बयान को लेकर उठाए सवाल

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने क्षेत्र में सेना के दिग्गजों से भी बातचीत की। सेना के दिग्गजों के साथ बातचीत के कुछ दिनों बाद कांग्रेस नेता ने केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा कि उसका दावा है कि चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के सैनिकों ने एक इंच भी भारतीय जमीन नहीं ली है। कांग्रेस सांसद ने दावा किया कि स्थानीय लोगों का भी तर्क है कि भारतीय क्षेत्र में चीनी सैनिकों ने घुसपैठ की और कब्जा कर लिया, यह चिंता का विषय है।

### बॉडीगार्ड्स के बीच से निकलकर आया बच्चा

राहुल के लेह मार्केट पहुंचते ही युवाओं की भीड़ ने उन्हें घेर लिया। भीड़ से एक बच्चा उनका ऑटोग्राफ लेने के लिए सुरक्षा घेरा पार कर पहुंच गया। उन्होंने बच्चे को ऑटो ग्राफ दिया और साथ में फोटो खिंचवाई।

### राहुल ने लद्दाख में 264 किमी बाइक चलाई

सोमवार को राहुल पैंगोंग त्सो लेक से बाइक राइड कर 264 किलोमीटर दूर खारदुंग ला पहुंचे थे। यहां उन्होंने स्थानीय लोगों से मुलाकात की और उनके साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं। राहुल दो दिन (17-18 अगस्त) के दौरे पर लद्दाख गए थे, लेकिन 18 अगस्त को उनका दौरा 25 अगस्त तक के लिए बढ़ा दिया गया। शनिवार (19 अगस्त) को राहुल ने लद्दाख से पैंगोंग त्सो लेक तक बाइक राइडिंग की थी। वहीं, रविवार (20 अगस्त) को उन्होंने पैंगोंग त्सो लेक के किनारे अपने पिता पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को श्रद्धांजलि दी थी। राहुल 25 अगस्त को होने वाली 30 सदस्यीय लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद-कारगिल चुनाव की बैठक में भी शामिल होंगे।

राहुल गांधी इन दिनों लद्दाख दौरे पर हैं। कुछ दिनों पहले राहुल ने वहां मोटरसाइकिल रैली निकली थी। जिसपर लोगो का काफी उत्साह देखने को मिला। हाल ही राहुल ने एक ट्वीट शेयर किया है उन्होंने लिखा कि 'भारत जोड़ो' हर भारतीय के दिल और दिमाग में गहराई से बसा हुआ है।लेह की सड़कों पर गूंजता 'भारत माता की जय' का घोष इस एकता का एक मजबूत उदाहरण है। स्नेह और सौहार्द से भरी इस आवाज को कोई ताकत दबा नहीं सकती। इसके ने एक तस्वीरें भी सांझा की है।

**हर भारतीय के दिल में बसा है 'भारत जोड़ो': राहुल**



498ए के गलत इस्तेमाल पर भड़का हाईकोर्ट

# महिलाएं फैला रहीं कानूनी आतंकवाद

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

आईपीसी की धारा 498ए को दहेज की बुराई को खत्म करने के लिए लागू किया गया है। ऐसे ही एक मामले में सुनवाई करते हुए कोलकाता हाईकोर्ट ने सख्त टिप्पणी की। दरअसल कोलकाता हाईकोर्ट में एक ऐसा मामला सामने आया था, जिसमें एक महिला ने अपने पति और ससुराल वालों पर क्रूरता, मानसिक और शारीरिक यातना देने का आरोप लगाया था।

इस मामले को खारिज करते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि कुछ महिलाओं ने धारा 498ए का दुरुपयोग करके एक तरह से 'कानूनी आतंकवाद' फैला दिया है। सुनवाई के दौरान कोलकाता हाईकोर्ट के जस्टिस सुभेंदु सामंत ने कहा की धारा 498 महिलाओं की भलाई के लिए बनाई



गई है लेकिन झूठे मामले दर्ज कराकर इसका दुरुपयोग भी हो रहा है। उन्होंने कहा, "विधायिका ने समाज से दहेज की बुराई को खत्म करने के लिए 498ए को लागू किया।लेकिन कई मामलों में देखा गया कि उसका दुरुपयोग किया जा रहा है।" सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि कई मामलों में देखा गया है कि धारा 498ए का गलत उपयोग कर कानूनी आतंकवाद को बढ़ावा दिया जाता है। इस धारा के तहत सुरक्षा की परिभाषा में जिस उत्पीड़न और यातना का जिक्र है, उसे केवल शिकायतकर्ता से साबित नहीं किया जा सकता।

### ये है मामला

पीड़ित ने याचिका दाखिल की थी और इसके मुताबिक उसकी पत्नी ने अक्टूबर 2017 में पति के खिलाफ मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज किया था। इसके बाद पुलिस ने कुछ गवाहों और पड़ोसियों के बयान भी दर्ज किए थे। दिसंबर 2017 में एक और शिकायत दर्ज कराई। इस बार पति के परिवार के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई थी और मानसिक और शारीरिक यातना का भी आरोप लगाया गया था। मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने पाया कि रिकॉर्ड पर मेडिकल जांच और गवाहों के बयान से पति के खिलाफ या परिवार के खिलाफ कोई आरोप साबित नहीं हो सका। इसके बाद कोर्ट ने निचली अदालत की ओर से शुरू की गई आपराधिक कार्यवाही को रद्द कर दिया और मामले को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि कानून शिकायतकर्ता को शिकायत दर्ज कराने की अनुमति देता है लेकिन ठोस सबूत पेश करके ही इसे सही ठहराया जाना चाहिए।

# मलेशियाई पीएम ने खुलेआम हिंदू लड़के का कराया धर्म परिवर्तन

*दुनिया भर में हो रही आलोचना*

एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

धर्म एक बहुसांस्कृतिक देश मलेशिया में संवेदनशील मुद्दा बना हुआ है। यहां पर पिछले दिनों कुछ ऐसा हुआ है जिसमें एक हिंदू युवा को इस्लाम धर्म कबूल करवाया गया है। यह काम किसी और ने नहीं बल्कि यहां के प्रधानमंत्री दातुक सेरी अनवर इब्राहिम की तरफ से किया गया है।

इसके बाद से ही वह लगातार विवादों में बने हुए हैं। जो कुछ उन्होंने किया है उसके बाद वह मलेशिया में बसे गैर-मुसलमान समुदाय के निशाने



पर आ गए हैं। पीएम इब्राहिम ने पिछले दिनों क्लैंग, सेलांगोर में एक मस्जिद में जुमा की नमाज अदा करने के बाद एक हिंदू युवा को खुलेआम इस्लाम में परिवर्तित किया। उनके इस कृत्य के बाद से ही वह आलोचना के घेरे में हैं।

### कल्पना से परे पीएम का बर्ताव

रामासामी ने कहा कि इस बात की यह कल्पना नहीं की जा सकती है कि अनवर ने क्लैंग की एक मस्जिद में एक हिंदू युवा को इस्लाम में परिवर्तित कर दिया। ऐसा पहले किसी भी प्रधानमंत्री ने नहीं किया है। उन्होंने सवाल किया कि क्या अनवर यह कहने जा रहे हैं कि इस्लाम के अलावा बाकी धर्म इस्लाम के साथ नहीं रह सकते? क्या धर्मांतरण देश में बहुआयामी धर्मों और बहुसांस्कृतिक समाज से बाहर निकलने का तरीका है?

# अनुप्रिया ने दिया जयंत को ऑफर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए एनडीए और इंडिया गठबंधन ने तैयारी शुरू कर दी है। दोनों ही गठबंधन ज्यादा से ज्यादा दलों के अपने साथ जोड़ने की कोशिश में लगी है। इस कड़ी में एनडीए में शामिल अपना दल- (एस) की अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने




राष्ट्रीय लोक दल (आरएलडी) को लेकर ऐसा बयान दिया है, जिससे इंडिया गठबंधन की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। दरअसल अनुप्रिया पटेल ने राष्ट्रीय लोक दल को एनडीए गठबंधन में शामिल होने का ऑफर दे दिया है। उन्होंने कहा कि आरएलडी से लेकर तमाम दल जो एनडीए गठबंधन से जुड़ना चाहते हैं सभी का स्वागत है। उन्होंने आगे कहा कि सबको आना चाहिए। मोदी सरकार देश के लिए बेहतरीन काम कर रही है।

# 5 देशों में खालिस्तानी आतंकियों का जाल, पाक कर रहा फंडिंग

## कनाडा, यूके ,ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, अमेरिका से रची जा रही भारत विरोधी साजिश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के खिलाफ विदेशी धरती से देशविरोधी गतिविधियों में शामिल खालिस्तानी संगठनों को आईएसआई का साथ मिल गया है। भारतीय खुफिया एजेंसियों को सूत्रों के हवाले से पता चला है कि पाकिस्तान ने दुनिया के पांच देशों में स्थित अपने दूतावासों में आईएसआई के एजेंट्स तैनात किए हैं, जिन्हें ये जिम्मेदारी दी गई है कि वो खालिस्तानी संगठनो की मदद कर उन्हें भारत के खिलाफ मजबूत करे। सूत्रों के मुताबिक, कनाडा, यूके ,ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी और अमेरिका स्थित पाकिस्तानी




दूतावासों में तैनात आईएसआई के एजेंट इन देशों में सक्रिय खालिस्तानी संगठनो की फंडिंग कर रहे हैं। खुफिया सूत्रों के मुताबिक एनआईए, आईबी और राज्यों की पुलिस के साथ सुरक्षा एजेंसियों ने एक डॉजियर तैयार किया है, जिसका मकसद ये है कि विदेशों में बैठे खालिस्तानियों पर कार्रवाई होगी।

### हथियारों और ड्रग्स की सप्लाई

पाकिस्तान कई खालिस्तान समर्थित आतंकियों के जरिए भारत में लगातार हथियारों और ड्रग्स की सप्लाई कर रहा है। भारत के खिलाफ कई देशों में हाल फिलहाल में हुए प्रदर्शनों के पीछे भी आईएसआई का हाथ माना जा रहा है। अमेरिका, कनाडा, यूके, ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी के भारतीय मिशन में तैनात भारतीय अधिकारियों के नाम पर देशविरोधी पोस्टर जारी किए जा रहे हैं, जो खालिस्तान आतंकियों की चाल है। आईएसआई की सरपरस्ती में गुरपतवंत सिंह पन्नू इसकी अगुवाई कर रहा है।

माइक्रोब्लॉगिंग साइट के मालिक मस्क ने दिया स्पेशल ऑफर

# पत्रकारों को कमाई का मौका, एक्स पर करें खबरें पब्लिश

**ट्विटर टेक ओवर करने के बाद लगातार बदलाव कर रहे एलन**

**नए ऐड रेवेन्यू शेयरिंग प्रोग्राम लाकर यूजर्स को भी दिया है तोहफा**

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

एलन मस्क ने माइक्रोब्लॉगिंग साइट एक्स (ट्विटर) को टेकओवर करने के बाद अब तक नए नए प्रयोग किये हैं। आये दिन मस्क एक्स (ट्विटर) के फीचर में बदलाव का ऐलान कर देते हैं। हालांकि इस बार उन्होंने पत्रकारों के लिए खास सौगात पेश की है।



दरअसल, उन्होंने एक्स के जरिये पत्रकारों को पैसे देने का प्लान बनाया है। एलन मस्क ने अब पत्रकारों से एक्स (ट्विटर) पर सीधे खबरों को पब्लिश करने की अपील की है। मस्क ने ट्वीट करते हुए कहा है कि 'यदि आप एक पत्रकार हैं, जो लिखने की अधिक स्वतंत्रता और अधिक आय चाहते हैं, तो सीधे इस मंच पर प्रकाशित करें।' बता दें कि इससे पहले मस्क ने माइक्रोब्लॉगिंग साइट एक्स (ट्विटर) पर मीडिया प्रकाशकों के लिए भुगतान की बात कही थी।

### पत्रकारों को होगा खास लाभ

पत्रकारों को दिए इस खास ऑफर के बारे में मस्क ने अभी पूरी जानकारी नहीं दी है। हालांकि माना जा रहा है कि एक्स के इस फैसले से पत्रकारों को अच्छा लाभ होगा। यही वजह है कि मस्क के इस ट्वीट पर यूजर्स जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। मालूम हो कि इसी महीने मस्क ने अपने यूजर्स को खास तोहफा दिया है, जिसकी बदौलत यूजर्स लाखों कमा रहे हैं। दरअसल, एक्स ने अपने नए ऐड रेवेन्यू शेयरिंग प्रोग्राम के तहत कंपनी के रेवेन्यू के शेयर को अपने यूजर्स के साथ शेयर कर रहा है।

### यूजर्स से लिया जा सकता है शुल्क

मस्क ने कहा था कि यूजर्स से 'प्रति लेख के आधार पर' शुल्क लिया जाएगा और यदि वे मासिक सदस्यता के लिए साइन अप नहीं करते हैं तो उन्हें अधिक भुगतान करना होगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा था कि इस प्लेटफार्म पर लिखने वाले पत्रकारों को भुगतान किया जाएगा। गौरतलब है कि एक्स को पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था। लेकिन इसे टेकओवर करने के बाद मस्क ने कई महत्वपूर्ण बदलाव किए।

*रक्षामंत्रालय ने दी सफाई*

# बालाकोट में नहीं हुई कोई सर्जिकल स्ट्राइक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडियन आर्मी द्वारा बालाकोट सेक्टर में ताजा सर्जिकल स्ट्राइक की खबरों पर रक्षा मंत्रालय की तरफ से सफाई दी गई है। मंत्रालय का कहना है कि सेना की तरफ से पाकिस्तानी सीमा में घुसकर कोई स्ट्राइक नहीं की गई है। केवल बालाकोट सेक्टर में लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) पर आतंकवादियों द्वारा भारतीय सीमा में घुसपैठ की कोशिश को नाकाम किया गया है। मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि सोमवार की सुबह सेना के जवानों ने पाया कि बालाकोट सेक्टर में एलओसी पर दो आतंकवादी खराब मौसम, घने कोहरे व ऊबड़-खाबड़ जमीन का फायदा उठाते हुए घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे।

### मारे गए दोनों आतंकी: आर्मी

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के अंतर्गत एलओसी पर सेना ने दो आतंकवादियों को मार गिराया। थलसेना के प्रवक्ता के मुताबिक, मारे गये आतंकवादियों के शवों को बरामद नहीं किया जा सका क्योंकि सेना के साथ हुई मुठभेड़ में आई चोटों के चलते दम तोड़ने से पहले वे नियंत्रण रेखा पार कर सीमा के दूसरी तरफ जाने में सफल रहे।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com